डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया




PG-5

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8


सिनेमाः शक्ति कपूर ने बेटे सिद्धांत कपूर की पुलिस हिरासत पर तोड़ी चुप्पी

वर्ष -08 अंक -91 | प्रयागराज, मंगलवार 14 जून, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### बोरवेल में तीन दिनों से फंसा 10 साल का राहुल बाहर निकलने से बस 3 मीटर दूर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के एक गांव में तीन दिनों से 50 फीट गहरे बोरवेल में फंसा राहुल अब कुछ ही घंटों में बाहर निकल सकता है। 10 वर्षीय राहुल को बचाने के लिए बचाव अभियान आज भी जारी है और वे अब बस 3 मीटर की दूसी पर फंसा है। इस बीच लगभग 72 घंटों से बोरवेल में फंसे राहुल ने जीने की आस नहीं छोड़ी है और अभी तक एक्टिव है। वह खुद बचाव अभियान में रेस्क्यू टीम की मदद कर रहा है। वहीं कई बोरवेल 'रेस्क्यू रोबोट' मशीन को बचाव आपरेशन में लगाया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुद इस मामले की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुछ भी मशीन लगाने से पहले राहुल के बारे में सोच कर ही कदम उठाया जा रहा है। जांजगीर के कलेक्टर जितेंद्र



शुक्ला ने जानकारी दी कि राहुल को निकालने के लिए अब होरिजोंटल खुदाई की जा रही है। इस बीच अच्छी बात यह है कि राहुल अभी एक्टिव है। जो अभी 3 मीटर की दूरी पर फंसा हुआ है। लेकिन कठोर चट्टान की वजह से रेस्क्यू में कुछ दिक्कत आ रही है। तीन दिन से बोरवेल में फंसा राहुल बहादुरी की मिसाल बन रहा है। वह खुद बाल्टी से पानी भर रेस्कयू टीम की मदद कर रहा है। बता दें कि बोरवेल की दीवारों से पानी रिसने के कारण वहां पानी इकट्ठा हो गया था जिसे अब खुद राहुल ऊपर से भेजी गई बाल्टी में पानी को भरने में मदद कर रहा है। बता दें कि राहुल साहू मूक-बधिर है और मानसिक रूप से भी काफी कमजोर है। इसके चलते राहुल स्कूल भी नहीं जाता था और घर पर ही रहता था। जानकारी के अनुसार ये हादसा उस समय हुआ जब वह खेल रहा था और उसका खुले बोरवेल पर ध्यान नहीं गया, जिससे वह उसमें गिर गया।

### सीबीआइ ने शिलांग गुवाहाटी, गुरुग्राम और बेंगलुरु में की छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने असम में एक राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क परियोजना में कथित




अनियमितताओं के संबंध में शिलांग, गुवाहाटी, गुरुग्राम और बेंगलुरु में कई स्थानों पर तलाशी ली। सीबीआई ने एनएचएआई के कुछ अधिकारियों और जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के अधिकारियों को पकड़ा है। सीबीआई के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## इसलिए राष्ट्रपति चुनाव में नहीं प्रयोग होती ईवीएम

**नई दिल्ली।** 16वें राष्ट्रपति चुनाव की तारीख का एलान हो गया है। मतों के गणित से लेकर चुनाव की प्रक्रिया तक पर चर्चा हो रही है। इन सबके बीच एक प्रशन मन में आता है कि आखिर लोकसभा और विधानसभा जैसे बड़े-बड़े चुनाव जिस ईवीएम से हो जाते हैं, उसका प्रयोग राष्ट्रपति चुनाव में क्यों नहीं होता है सीधी चयन प्रक्रिया के लिए है इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनः ईवीएम यानी इलेक्ट्रानिक वींटग मशीनों को सीधी चयन प्रक्रिया के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें



किसी सीट के सभी प्रत्याशियों का नाम रहता है और मतदाता को अपना पसंदीदा प्रत्याशी चुनना होता है। किसी प्रत्याशी को मिले वोट की गणना से जीत या हार का निणन्य होता है। 1977 पहली बार आयोग ने हैदराबाद की इलेक्ट्रानिक्स कापीरेशन आफ इंडिया लिमिटेड को इस तरह की मशीन बनाने का काम सौंपा था 1979 प्रोटोटाइप बना, जिसे आयोग ने छह अगस्त, 1980 को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रदर्शित किया 1982 केरल विस चुनाव में इसका प्रयोग हुआ, लेकिन इस संबंध में कोई कानून न होने के कारण चुनाव रद हो गया 1989 संसद ने जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 में संशोधन करते हुए चुनाव में ईवीएम के प्रयोग का प्रविधान जोड़ा 1998 आम सहमति बन पाई और मध्य प्रदेश, राजस्थान व दिल्ली के 25 सीटों पर इनका प्रयोग किया गया 2001 तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और बंगाल के विस चुनावों में सभी सीटों पर ईवीएम का प्रयोग हुआ। तब से सभी विस चुनाव ईवीएम से कराए जा रहे हैं 2004 पहली बार लोकसभा चुनाव में ईवीएम का प्रयोग हुआ। 543 सीटों के लिए 10 लाख से ज्यादा मशीनों का प्रयोग किया गयाहस्तांतरणीय मतों के आधार पर होती है राष्ट्रपति के लिए वोटिंगः राष्ट्रपति चुनाव में चयन की प्रक्रिया इतनी सीधी नहीं है। इसमें हर मतदाता (सांसद/विधायक) के पास सभी प्रत्याशियों को प्राथमिकता के आधार पर वोट देने का अधिकार होता है। उदाहरण के तौर पर यदि पांच प्रत्याशी खड़े हैं, तो मतदाता सभी प्रत्याशियों के नाम के लिए एक से पांच तक अपनी प्राथमिकता लिख सकता है। यदि पहली प्राथमिकता वाले मतों की गणना से किसी भी प्रत्याशी को बहुमत नहीं मिलता है, तो मतों का हस्तांतरण करते हुए दूसरी प्राथमिकता के मतों की गणना होती है। ईवीएम को इस तरह की वोटिंग के लिए तैयार नहीं किया गया है। इसीलिए बैलेट पेपर के माध्यम से राष्ट्रपति चुनाव होता है।

## राहुल गांधी की ईडी के सामने पेशी से पहले 'रावण' बना कांग्रेस कार्यकर्ता.......

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में आज राहुल गांधी प्रवर्तन निदेशालय (ई) के सामने पेश हुए। इस बीच कांग्रेस इस मुद्दे को राजनीतिक मोड़ देने में जुट




गई है। इसी के मद्देनजर कल रात से पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी और राहुल के आवास के बाहर पोस्टर लगाकर भाजपा पर तंज कसे हैं। हालांकि, कांग्रेस इस मामले को एक बड़ी राजनीतिक लड़ाई में तब्दील कर रैली निकालने की सोच रही थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने रविवार को 13 जून को होने वाली कांग्रेस की रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर राहुल की पेशी से पहले एक कांग्रेस समर्थक सड़क पर रावण का रूप धारण कर उतर गया। उसने कहा, सत्तारूढ़ सरकार 'रावण' की भूमिका निभा रही है जिसका कांग्रेस विरोध करती रहेगी। हम उन्हें बताना चाहते हैं कि राहुल गांधी हमारे 'राम' हैं और हम उनके प्रति समर्पित हैं और उन्हें बचाकर रहेंगे। कांग्रेस के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा एआइसीसी मुख्यालय 24 अकबर रोड से एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय तक एक रैली निकाली जानी थी जिसे इजाजत नहीं दी गई। दिल्ली पुलिस ने रैली की अनुमति नहीं देने के पीछे कानून-व्यवस्था का हवाला दिया वहीं कांग्रेस पार्टी ने इसके बाद पोस्टर वार शुरू कर दिया। राहुल के आवास के बाहर पोस्टर में लिखा गया, ये राहुल है सावरकर नहीं, झुकेगा नहीं। नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की पेश होने से पहले कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय के पास एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## राहुल गांधी की ईडी में पेशी

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी दफ्तर में पेश हुए। ईडी ने उन्हें समन जारी कर बुलाया था। राहुल गांधी की पेशी को देखते हुए ईडी दफ्तर के बाहर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय से ईडी के दफ्तर तक मार्च किया। उधर कांग्रेस ने देशव्यापी सत्याग्रह का एलान किया। देश में कई जगहों



पर कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी को समन जारी किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस के सत्याग्रह को लेकर भाजपा ने बड़ा हमला किया है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर तंज कसा है। पात्रा ने सोमवार को कहा, 'दुनिया देख रही है कि कैसे भ्रष्टाचार भी 'सत्याग्रह' कर सकता है। महात्मा गांधी ने दुनिया को सच्चाई के लिए लड़ना सिखाया जबकि कांग्रेस ने दुनिया को भ्रष्टाचार का जशन्मनाने और उसके लिए लड़ने की शिक्षा दी। गांधी परिवार जमानत पर बाहर हैं और यह राजनीतिक मामला नहीं है।संबित ने आगे कहा कि राहुल गांधी आज नेशनल हेराल्ड केस में बेल पर बाहर हैं और ये पूरा मामला कोर्ट में लंबित है। कोर्ट में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने गुहार लगाई थी कि इस मामले को हटा लिया जाए लेकिन कोर्ट ने नहीं सुनी और आज जो भी कार्रवाई हो रही है वो संवैधानिक कार्रवाई है।कांग्रेस नेता लगातार केंद्र सरकार पर हमला कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कि कहा ये पूरी तरह से विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी पर कौन सा आरोप लगा है? आरोप भी राजनीति से ग्रसित है। पूरे देश में के छापे पड़ रहे हैं। ऐसा कब तक चलेगा।

## इको फ्रेंडली होगा पुडुचेरी का कालेज

**पुडुचेरी।** तमिलनाडु के पुडुचेरी स्थित एक सरकारी कालेज ने पर्यावरण को बेहतर बनाने के क्रम में एक नई पहल की है। दरअसल टैगोर गर्वनमेंट आट्र्स एंड साइंस कालेज के परिसर को वन का रूप दिया गया है। इस क्रम में कालेज के प्रिंसिपल शशि कांत दास ने सोमवार को बताया कि पिछले पांच सालों से यहां पौधे लगाए जा रहे हैं। हमने 5000 पेड़ों के साथ इसे वन का रूप दिया है। अब यहां पक्षियों के करीब 20-25 प्रजातियां मौजूद हैं। उन्होंने आगे बताया, 'यह गर्मी का मौसम है और इसलिए हमें पर्याप्त खाने और पानी उपलब्ध कराना होगा। इससे और भी पक्षी आकर्षित होंगे और परिसर इको फ्रेंडली बनेगा।



## देश के पांच वो राष्ट्रपति जिनका सरकारों से रहा टकराव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के चयन में भले ही राजनीतिक दल अपने हितों के हिसाब से जोर आजमाइश करते हैं, लेकिन इस गरिमामयी पद पर पहुंचा व्यक्ति दलगत राजनीति से परे होता है। इस कारण से कई बार सरकार और राष्ट्रपति के बीच टकराव की स्थिति भी बन जाती है। आइए जानते हैं उन राष्ट्रपतियों के बारें में जिनके कार्यकाल में सरकार के साथ विभिन्न मुद्दों पर टकराव की स्थिति निर्मित हुई। देश के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद का हिंदू कोड बिल पर सरकार से पहला मतभेद हुआ था। आपत्तियां जताते हुए उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को पत्र भी लिखा था। राष्ट्रपति की शक्तियों को लेकर भी दोनों में कुछ मतभेद रहे। मुंबई में सरदार पटेल की अंत्येष्टि में व्यक्तिगत रूप से राजेंद्र बाबू के शिरकत करने का नेहरू ने विरोध किया था। ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद धार्मिक समारोह में राष्ट्रपति की उपस्थिति का भी नेहरू ने विरोध किया था। नेहरू का कहना था कि पंथनिरपेक्ष देश के मुखिया को सार्वजनिक तौर पर



धार्मिक कार्यों से दूरी रखनी चाहिए। इस पर राजेंद्र बाबू ने कहा था कि 'सोमनाथ आक्रांता के सामने राष्ट्रीय विरोध' का प्रतीक है। श्रेष्ठ वक्ता और दर्शनशास्त्री डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन और तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू के बीच आमतौर पर राजनीति से ज्यादा दर्शन की बातें ही होती थीं। इसके बावजूद वह सरकार की आलोचना से नहीं कतराते थे। 1966 में बढ़ती महंगाई पर उन्होंने सरकार की आलोचना की थी। वह राजनीतिक मसलों पर स्वतंत्र राय भी देते थे। कहा जाता है कि नेहरू की चीन नीति फेल होने पर भी डा राधाकृष्णन निराश थे। राष्ट्रपति भवन के पूर्व सुरक्षा अधिकारी मेजर सीएल दत्ता के अनुसार, उस दौरान डा राधाकृष्णन और कांग्रेस अध्यक्ष कामराज ने नेहरू को रिटायर करने के फामरूले पर भी काम किया था। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ही वीवी गिरि ने कहा था कि यदि वह चुने गए तो रबर स्टांप साबित नहीं होंगे। कांग्रेस पार्टी में विघटन और उथल-पुथल के दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति से लोकसभा भंग कर तुरंत चुनाव कराने की सलाह दी थी। इस पर राष्ट्रपति गिरि ने कहा कि वह मंत्रिपरिषद की सलाह मानने को बाध्य हैं, अकेले प्रधानमंत्री की नहीं। इसके बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कैबनेट की बैठक बुलानी पड़ी थी। भारत के सातवें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के सरकार से मतभेद सामने आए थे। उन्होंने दोनों सदनों से पारित होने के बावजूद पोस्टल बिल पर सहमति नहीं दी थी। उन्होंने विधेयक को विचारार्थ सरकार के पास वापस भेज दिया था। दोबारा राष्ट्रपति ने इस पर कभी निणन्य नहीं दिया। 1986-87 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी से उनके कई मसले पर मतभेद रहे थे। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने अनुच्छेद 352 (1) के तहत आपातकाल की घोषणा की थी। उनके इस निणन्य की बहुत आलोचना होती है, क्योंकि उन्होंने केवल तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह बिना कुछ विचार किए निर्णय ले लिया था। उन्होंने यह जानने का प्रयास भी नहीं कि मंत्रिपरिषद में इस विचार हुआ है या नहीं। बाद में गृह मंत्री ने स्वीकारा भी था कि आपातकाल का एलान 25 जून, 1975 को हो गई थी, जबकि कैबिनेट ने इस पर 26 जून को मुहर लगाई। इस प्रकरण ने राष्ट्रपति पद की साख धूमिल की थी।

## न हो कानून का दुरुपयोग, कुछ महिलाएं एक हथियार के रूप में कर रहीं इसका इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** हाल में दिल्ली की एक अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में छह साल बाद आरोपी अर्नब गांगुली को बरी कर दिया। 25 फरवरी, 2016 को काल सेंटर संचालक गांगुली पर उन्हीं के आफिस में काम करने वाली एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था, जिसे वह अदालत में साबित नहीं कर पाई। इसके बाद अदालत ने पीडि़ति को इस आरोप से मुक्त कर दिया, लेकिन दुष्कर्म के झूठे आरोप ने गांगुली के व्यापार और उनकी निजी जिंदगी को पूरी तरह से खत्म कर दिया। जेल जाने के बाद उनका व्यापार ठप हो गया, पतने ने तलाक दे दिया और सदमे में मां का देहांत हो गया। इन छह वर्षों में उन्हें जो पीड़ा और कष्ट उठाना पड़ा है, उसकी भरपाई कौन करेगा देश में महिलाओं को तमाम तरह के अपराधों दुष्कर्म, शारीरिक-मानसिक शोषण, प्रताड़ना और घरेलू हिंसा से बचाने के लिए कई कानूनी कवच दिए गए हैं। ये कानून उनके हितों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं, ताकि उन्हें उनका हक और इंसाफ मिल सके, लेकिन कुछ महिलाएं इन कानूनों का धड़ल्ले से दुरुपयोग कर रही हैं। दुष्कर्म महिलाओं के खिलाफ होने वाले सबसे जघन्य और घिनौने अपराधों में से एक है। भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत किसी महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाना दुष्कर्म की श्रेणी में रखा गया है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता



है तो वह इस कानून की नजर में दोषी है और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का प्रविधान है। हालांकि इसका इस्तेमाल महिलाएं एक हथियार की तरह कर रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें अधिकतर महिलाओं ने कानून का दुरुपयोग कर पुरुषों को दुष्कर्म के झूठे आरोपों में फंसाया है। अगर प्रेमी शादी से इन्कार कर दे तो उस पर दुष्कर्म का मुकदमा और पड़ोसी से झगड़ा हो तो उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया जाता है। वहीं जब यह विवाद शांत हो जाता है तो महिलाएं अदालतों में अपने बयान से ही पलट जाती हैं। इस सच्चाई से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि आज भी तमाम महिलाएं दुष्कर्म, छेड़छाड़ और प्रताड़ना का शिकार हो रही हैं। यहां तक कि दुष्कर्म के बाद उनकी हत्या तक कर दी जाती है। इससे संरक्षण प्रदान करने के लिए ही कानून में सख्त प्रविधान किए गए हैं, लेकिन अब कानून के बढ़ते दुरुपयोग ने महिलाओं के प्रति संदेह की दृष्टि को बढ़ा दिया है, जिसके कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है। अब समय आ गया है कि दुष्कर्म के झूठे आरोपों का सामना कर रहे पुरुषों की सुरक्षा और उनकी प्रतिष्ठा बहाल किए जाने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाए जाएं। जिस प्रकार समाज में महिलाओं के सम्मान, उनकी सुरक्षा और गरिमा की बात की जाती है। उसके उतने ही हकदार पुरुष भी हैं।



# जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल में प्रशासन ने जांच पड़ताल भी तेज कर दी है

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** के एडीजी प्रेम प्रकाश ने दावा किया कि बवाल में सपा और ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और वामपंथी संगठनों के लोग शामिल हैं। अटाला मस्जिद के इमाम का नाम भी सामने आया है। इन लोगों ने बच्चों को भड़काने की कोशिश की है। सभी की पहचान की जा रही है। दोषी लोगों को रासुका और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। एडीजी ने कहा कि बवाल में वामपंथी संगठनों, सपा और एआईएमआईएम के लोगों की भूमिका है। सीएए को लेकर चल रहे आंदोलन से ही इन लोगों की भूमिका संदिग्ध है। कुछ लोग बवाल में शामिल रहे तो कुछ लोगों ने रोकने का प्रयास नहीं किया। कहा कि छोटे बच्चों का इस्तेमाल क6र सुनियोजित साजिश की गई है। एडीजी ने कहा कि मस्जिद और मदरसा के प्रबंधकों की भूमिका की



जांच कर कार्रवाई होगी। सभी की निगरानी की जा रही है। कहा कि यह लोग पीछे से नाबालिक बच्चों को भड़का रहे थे। सभी की गिरफ्तारी होगी। प्रयागराज में रिपीट हुआ कानपुर का प्रयोग, जुमे की नमाज के बाद पथराव, आगजनी कहा कि लोगों को भड़काने की जानकारी आ रही थी। इंटेलिजेंस ने कहा था कुछ लोग इकट्ठा हो सकते हैं। उसी हिसाब से ड्यूटी भी लगाई गई थी। इसके बाद भी बच्चों को नारेबाजी के लिए भड़काया गया। बड़ी तादात में पत्थरबाजी पर एडीजी ने कहा कि हम लोगों ने छतों को चेक किया था लेकिन घर के अंदर पत्थर रखे गए थे। कुछ लोगों ने निर्माण कार्य के नाम पर पत्थर जुटाए गए थे। सभी की पहचान की जा रही है। इन लोगों पर एनएसए और गैंगस्टर के तहत कार्रवाई होगी। कहा कि पुलिस ने बेहद संयम का परिचय दिया है। बच्चों को देखते हुए हल्का बल प्रयोग किया है। बवाल में जो नाम सामने आ रहे हैं सभी पर कार्रवाई की जाएगी। वीडियो फुटेज से भी पहचान की जा रही है।

# प्रयागराज मे जुमे की नमाज के बाद पथराव पुलिस से हुई झड़प व आगजना कई जख्मी अब तक 40 गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**प्रयागराज।** उत्तर-प्रदेश के संगम नगरी प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद उपद्रवियों ने बवाल कर दिया। पुलिस पर पथराव किया गया और पीएसी की गाड़ी में आग लगाई। पुलिस के साथ ही पीएसी व आरएएफ ने मोर्चा संभाल लिया। पथराव करने वालों में छोटे बच्चे थी थे। उपद्रवियों को भगाने के लिए से रोका जा रहा है। दोपहिया वाहन चार पहिया वाहन सभी तरह के वाहन प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। हालांकि पथराव व बवाल की जानकारी मिलने पर सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई। आरएएफ की गाड़ी में भी लगाई आग, तुरंत बुझा दिया गया उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव के साथ ही वाहनों को भी काफी नुकसान पहुंचाया। जगह-जगह वाहनों को



पुलिस ने डंडा फटका तो गलियों में भाग गए। वहां से भी पथराव करने लगे। इसमें आरएएफ, पुलिस कर्मियों और मीडिया कर्मियों के साथ आम लोग चोटिल हुए। उपद्रवियों ने पीएसी के वाहन में आग लगा दी। हालांकि तत्काल आग पर काबू पा लिया गया। देर रात तक पुलिस ने 40 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। धरपकड़ का काम जारी है। धड़ाधड़ बंद होने लगीं दुकान प्रयागराज में बवाल के बाद चौक और घंटाघर में धड़ाधड़ दुकानें बंद होने लगीं। वहीं अन्य इलाकों में भी बवाल की जानकारी होने पर वहां के दुकानदारों ने भी दुकानें बंद कर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। मालवीय नगर, घंटाघर, चौक, करेली आदि इलाकों में ऐसा नजारा दिखा हुआ मार्गों पर बैरिकेडिंग जंक्शन के सामने से नुरुल्लाह रोड पर जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है। पुलिस ने वहां बैरिकेडिंग कर दी है और लोगों को उधर जाने आग के हवाले कर दिया गया। लोग दहशत में घरों में दुबके हुए थे। बवाल को रोकने के लिए प्रतापगढ़, कौशांबी और फतेहपुर से भी फोर्स बुलाई गइ डीएम,आइजी व एसएसपी चोटिल,एडीजी की गाड़ी तोड़ी, गनर जख्मा प्रयागराज में उपद्रवियों की कारस्तानी।पुलिस,पीएसी और आरएएफ की मौजूदगी में हजारों की संख्या में जुटे उपद्रवियों ने जमकर बवाल किया। पथराव में प्रयाराज के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एडीजी के गनर को भी चोट लगी है। वहीं आरएएफ के सिपाही और कुछ अन्य लोग भी चोलिए हुए हैं। इतना ही नहीं उपद्रवियों ने एडीजी के वाहन और पीएसी के वाहन पर भी पथराव किया। पीएसी की एक गाड़ी को आग के हवाले कर दिया जुमे की नमाज के बाद पिछले सप्ताह कानपुर में बवाल हुआ था। इस बार प्रयागराज में पथराव किया गया। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला इलाके में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू किया। पुलिस से भी झड़प हुई। पुलिस ने सख्ती की तो पथराव करने वाले भाग गए। कुछ देर बाद फिर पथराव किया गया। पथराव में कई लोगों के चोटिल होने की जानकारी मिली है। वाहनों पर भी पथराव किए गए। पुलिस ने उपद्रवियों को रोकने के लिए आसू गैस के गोले दागे। पुलिस,पीएसी व आरएएफ तैनात थी सुबह से प्रयागराज का पुलिस और जिला प्रशासन जुमे की नमाज को लेकर अत्यधिक सक्रिय था। हर संवेदनशील इलाकों और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिस, पीएसी और आरएएफ तैनात थी। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी लगातार मानीटरिंग कर रहे थे और मोहल्लों में जाकर शांति का संदश दे रहे थे अटाला में पथराव जुमे की नमाज के पूर्व तक शांति थी। जुमे की नमाज के बाद अटाला इलाके में लोग गुट बनाने लगे। इसी दौरान पथराव शुरू कर दिया गया। अचानक पथराव शुरू होने से अफरा-तफरी मच गई। जिसे जहां मौका मिला उधर ही भागने लगा। हालांकि पुलिस ने पथराव करने वालों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस से झड़प कर ली। पुलिस ने खदेड़ा तो गलियों से पत्थरबाजी पुलिस ने जब सख्ती बरती और खदेड़ा तो लोग गलियों में घुस गए। थोड़ी देर बार फिर पुलिस ने सख्ती बरतते हुए कुछ लोगों को खदेड़ दिया, लेकिन गली में घुसे लोगों ने फिर पथराव शुरू कर दिया। पुलिस, पीएसी और आरएफके जवानों ने स्थिति को संभाला लेकिन इलाके में तनाव का माहौल है।छोटे बच्चे भी कर रहे थे पथराव पथराव करने में युवाओं का साथ दे रहे थे छोटे बच्चे। गलियों से वे भी पत्थरबाजी करने लगे। जानकारी मिली है कि पुलिस के कुछ कर्मियों के साथ मीडिया कर्मी समेत कई अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। कई थानों की फोर्स के साथ ही पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# भाजपा नेत्री अपर्णा यादव बिष्ट के हाथो मिला प्रियांशु को प्रयाग गौरव सम्मान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के कुशलता पूर्वक आठ साल के कार्यकाल पूरे होने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विभिनन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए प्रतिभावान हस्तियों का सम्मान समारोह भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज के तत्वाधान में जिला पंचायत सभागार में शनिवार को आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी की युवा नेत्री अपर्णा बिष्ट यादव जी के कर कमलों से प्रयागराज जनपद की विभिन्न विधाओं की चालीस प्रतिभाओं को प्रयाग प्रतिभा पटेल जी तथा महानगर अध्यक्ष श्री गणेश केसरवानी जी ने प्रियांशु के कार्यों को सराहा ,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री वीके सिंह ने प्रियांशु के कार्यों की सराहना की एवं और अधिक तत्परता से सरकारी सेवक के रूप में जिम्मेदारी निभाते हुए समाज के प्रति और जुनून एवं कर्मठता से आगे भी सामाजिक सांस्कृतिक एवं कलात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।उक्त अवसर में विभिनन्न क्रियाकलापों के लिए कला के क्षेत्र में बी प्रियांशु को सम्मानित किया गया साथ ही आईपीएल में प्रयागराज की धरती से गुजरात का प्रतिनिधित्व करने वाले मशहूर खिलाड़ी



सम्मान से सम्मानित किया गया, जिसमें यमुनापार की धरती से मशहूर गायक ,अभिनेता एवं उद्घोषक एवं समाजसेवी प्रियांशु श्रीवास्तव को यह सम्मान मिला प्रियांशु को यह सम्मान सरकारी सेवा में कार्यरत रहते हुए भी समय निकालकर सामाजिक क्षेत्रों में लोगों की मदद करने कलाकारों के हित के लिए प्रयास करने तथा समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से आर्थिक एवं सामाजिक मदद के लिए दिया गया।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मण आचार्य जी सहित लोकप्रिय सांसद श्रीमती केसरी देवी यशपाल, मशहूर साहित्यकार श्री शैलेंद्र मधुर,कला के क्षेत्र में मशहूर गजल गायक मनोज गुप्ता, मूंछ नर्तक दुकान जी ,मशहूर मनोवैज्ञानिक डॉक्टर ईशान्या राज ,समाजसेवी पतविंदर सिंह सहित प्रयागराज मंडल के 40 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन मशहूर उद्घोषिका श्रीमती आभा मधुर ने किया ,कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती कविता यादव त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्री गणेश केसरवानी सहित मंडल के समस्त पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन आरोग्य मेले में 45 मरीजों ने ली दवाये

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले मे मैलहन पी एच सी पर हर रविवार लगने वाले स्वास्थ्य मेले में इस रविवार को बढ़ती गर्मी व लू के प्रकोप से मरीजों की संख्या अधिक रही। रविवार को 45 मरीजों ने जांच करवा कर दवाये ली। ए एन एम बीनू द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ नियमित टीकाकरण व बच्चों का टीकाकरण किया गया। फार्मासिस्ट ए एल पटेल, सुनीता यादव, किरण यादव, संध्या यादव, सुमन, मीरा, मीरा आशा, नेहा, अरुणा सिंह, चंद्र कली, नसीम, बीबी शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।




# एसडीओ विद्युत ने मैलहन बाजार में बकायेदारों की काटी बिजली........

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** प्रदेश सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को भारी रकम विद्युत बिलों को जमा कराने हेतु तरह तरह की छूट योजना चला रही है। फिर भी अभी काफी बकाएं दार है जो ना तो ओटीएस का लाभ ले पा रहे हैं। बल्कि बकाया बढ़ाते चले जा रहे हैं। मैलहन बाजार में रोड पर 35 बकायेदारों की बिजली केबिल काटकर एसडीओ प्रांजल मिश्रा ने जलवा दी। बता दें कि जून के पूरे माह तक सरकार द्वारा एक मुश्त जमा योजना चलाई जा रही है जिसमें शत प्रतिशत ब्याज माफी की जा रही है।



परंतु इस लाभ से भी लोग कतरा रहे हैं। इस अभियान में राजस्व वसूली आज एक लाख की गई। यह अभियान कटिया, केबिल जलाकर नष्ट कर देने का अभियान रहा। मौके पर जेई बृथराज राम, आशीष, उदय, कल्लू, मुलायम, बबलू, फैलू आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में जुटे फरियादी

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** समाधान दिवस में राजस्व विभाग के कुछ लेखपाल व कानूनगो के अलावा नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम जल्दी झांकने नहीं आते। जबकि इन दिनों इस बीच 12 प्रार्थना पत्र मिले जो पुलिस व राजस्व विभाग की ज्वाइन्ट टीम को सौंप दिया गया। थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय ने सभी उप निरीक्षक को मौके पर जाकर विवादों को समाप्त कराने के लिए कर्रा किया। ताकि अपराध बढ़ने ना पाए। आए दिन मारपीट



राजस्व संबंधित मामलात चरम पर है। सीओ राम सागर ने फोन पर सभी से बात की। सीओ फूलपुर ने तहसीलदार को अवगत कराते हुए कहा कि इन दिनों जमीनी मामलात चरम पर है। परंतु अधिकारी वर्ग नहीं आते। फौजदारी गांवों में भूमि विवाद का कारण बन रही। मौके पर चौकी इंचार्ज विनय मिश्रा उप निरीक्षक माजिद खान, राजेश वर्मा, निखिल यादव, सुनील प्रसाद मिश्र, जयसिंह प्रसाद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# शहर में हिंसा भड़काने की कोशिश, शिवकुटी के कोटेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग पर चढ़ाया अंडा

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज।** शहर में शनिवार को फिर दंगा भड़काने की कोशिश की



गई। कुछ शरारती लोगों ने यहां शिवकुटी स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर के शिवलिंग पर अंडा रख दिया। यह सूचना मिलते ही वहां भीड़ जुटना शुरू हो गई। शिवभक्तों में नाराजगी है।मंदिर के पुजारी ने बताया कि अंडा रात में रखा गया है। मंदिर में ताला बंद नहीं होता। छह फीट ऊंची जाली है। पुजारी ने कहा कि हम माहौल बिगडने नहीं देंगे। जाली को फांदकर कोई अंडा रख गया। सुबह पूजा-पाठ के लिए उठा तो शिवलिंग पर अंडा रखा था। पुजारी ने कहा कि अंडा को हटा दिया गया। कुछ लोग प्रयागराज के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम माहौल बिगड़ने नहीं देंगे।

# थाना खुल्दाबाद एवं करेली संबंधित मामला

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** 29 गंभीर एवं कठोरतम धाराएँ लगाते हुए मुक़दमा दर्ज हुआ था। 70 उपद्रवी नामज़द थे। 24 घण्टे के भीतर कुल 68 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया था। पुख़्ता लिखा पढ़ी करके सबूतों के साथ इन सब उपद्रवियों को संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। 68 में से 4 उपद्रवी नाबालिग पाए गए अदालत ने 64 उपद्रवियों को सेंट्रल जेल नैनी भेजने हेतु आदेश दिया है। वहीं, शेष 4 नाबालिग उपद्रवियों के संबंध में बाल संप्रेक्षण गृह भेजने हेतु नियमानुसार आदेश दिया जा रहा है। पुलिस बल, मीडिया और जनता के माध्यम से प्राप्त वीडियो फ़ुटेज और सीसीटीवी फ़ुटेज के आधार पर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है क़ानून को हाथ में लेने वाले, मनमानी करने वाले, पुलिस प्रशासन पर पथराव करने वाले, पब्लिक प्रॉपर्टी का नुक़सान करने वाले, ख़ुराफ़ाती तत्वों तथा साजि़श रचने वाले लोगों को किसी भी सूरत में क़तई बख़्शा नहीं जाएगा।

# प्रयागराज में हुए बवाल के बाद पूरी हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप जावेद अहमद के घर पर चला बुलडोजर

(आधुनिक समाचार सेवा)
शकील खान

**प्रयागराज ।** प्रयागराज हिंसा मैं लगभग 68 लोगों की अभी तक गिरफ्तारी हुई जिसमें इस पूरी हिंसा का मुख्य आरोपी एवं मास्टरमाइंड जावेद अहमद उर्फ जावेद पंप के घर पर बुलडोजर चला मकान को बुरी तरीके से ध्वस्त किया गया 1 किलोमीटर के दायरे पर लगभग 10,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात करने के बाद दोनों ओर से दो बुलडोजर के द्वारा मकान का ध्वस्तीकरण किया गया।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
**नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 30 जून 2022 है।
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्र:– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# यूपी के 8 जिलों में कल हुई हिंसा-प्रदर्शन के बाद 227 उपद्रवी हिरासत में

## प्रयागराज में एक हज़ार दंगाइयों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज़

## 68 लोग गिरफ्तार, इलाके में अघोषित कफ़्र्यू सा माहौल

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**लखनऊ।** कानपुर में 3 जून को हुई हिंसा के ठीक 7 दिन बाद यूपी के 8 जिलों में बवाल हुआ। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भीड़ सड़क पर उतर आई। नमाजी पैगंबर मोहम्मद पर भाजपा नेता नूपुर शर्मा की टिप्पणी से नाराज थे। प्रयागराज, मुरादाबाद, सहारनपुर, फिरोजाबाद, अंबेडकरगनर, हाथरस, अलीगढ़, जालौन में नमाजी सड़क पर उतर आए। नियंत्रित करने वाली कंपनी सड़क पर तैनात है। किसी भी संभावित सभा को रोकने के लिए गलियों में पुलिस की गश्त जारी है। अटाला और आसपास के इलाके में दुकानें भी बंद हैं। पुलिस ने प्रभावित इलाके की तरफ से रूट भी डायवर्ट कर दिया है। इलाके में अब भी धारा 144 लागू है। प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के मुताबिक स्थिति सामान्य बनी हुई है। हमने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है और का उल्लंघन करने, सरकारी काम में बाधा डालने, पुलिस कमिऱ्यों पर हमला करने और सरकारी और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शनिवार को अटाला में हुई हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता जावेद पंप को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उसके मोबाइल की जांच की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि कई अहम सुराग मिले है और पुलिस इन सुरागों के जरिये मामले की तह तक छानबीन



पुलिस-प्रशासन दो दिनों से अलर्ट थी, लेकिन ऐन वक्त पर सारी सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां फेल हो गईं। सबसे ज्यादा बवाल प्रयागराज में हुआ। अर्ध सैनिक बलों में भी कुछ घायल हुए हैं। इसी तरह देवबंद में अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगे। हालांकि, कानपुर में भारी पुलिस फोर्स तैनात होने की वजह से सब कुछ कंट्रोल रहा। सहारनपुर में 48, प्रयागराज में 68, हाथरस में 50, मुरादाबाद में 25, फिरोजाबाद में 8, अंबेडकरनगर में 28 गिर॰फ्तारी हुई अब तक 227 को पुलिस पकड़ चुकी है। वहीं प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव के बाद से अटाला का पुराने शहर का इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। पीएसी के अलावा आरपीएफ की टुकडियां और भारी संख्या में पुलिसकर्मी और दंगी एहतियात के तौर पर धारा 144 जारी है। खुल्दाबाद के अटाला, करेली और आसपास के इलाकों में पीएसी और आरएएफ की अतिरिक्त कंपनियों को तैनात किया गया है। लोगों से बार-बार शांति बनाए रखने को कहा जा रहा है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुराने शहर के प्रभावित और आसपास के इलाकों में चार मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। प्रयागराज रेंज के आईजी राकेश सिंह के मुताबिक शनिवार शाम से अब तक हिंसा में शामिल लगभग 65 लोगों को गिर॰फ्तार किया गया है। इसके अलाना घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज की मदद से हिंसा में शामिल बाकी लोगों की पहचान की कोशिश की जा रही है ताकि और गिर॰फ्तारियां हो सकें। पुलिस ने 1000 लोगों के खिलाफ दंगा, आगजनी, धारा 144 कर रही है इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। बवाल को लेकर अटाला के दर्जनों युवक घर छोडकर भाग गये है। कई एक दर्जन से अधिक घरों में ताले लटके हुए है। पुलिस हर गलियों में गश्त करके परिवार वालों से पूछताछ कर रही है। मगर घरों के अंदर एक भी युवक नही मिल रहे है। सभी घरों में ज्यादातर महिलाएं ही हैं। शनिवार की सुबह पुलिस एक्शन मोड में नजर आयी राजस्व की टीम के साथ नक्शा लेकर अटाला पहुंची। हर एक दोषियों की सम्पत्ति की जांच की जा रही है। दुकानों व मकानों के सामने अतिकमण किए हुए लोगों के बारे में जानकारी जुटायी जा रही है। राजस्व की टीम को बिना नक्शा पास दुकान, मकान व अवैध सम्पत्ति मिली तो चिन्हित करके उस पर बुलडोजर चलाया जा सकता है।

# प्रयागराज के बवाल वाले इलाके में अघोषित कफ्र्यू सा नजारा, घरों पर लटक रहा ताला, पुलिस तैनात

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज।** प्रयागराज का संवेदनशील इलाका अटाला। कुछ दिनों से यह मोहल?ला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। अटाला में शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के बाद जमकर बवाल हुआ था। उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी तो पुलिस ने उपद्रवियों की तलाश शुरू की। नामजद आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन अज्ञात उपद्रवियों का पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस अटाला की गलियों में दाखिल हुई तो 30 से अधिक घरों में ताला लटकता मिला। इन सभी का नाम पुलिस ने नोट कर लिया है और इनके बारे में सुनाई पड़ रही थी। यहां न कोई आ रहा है और न ही बाहर जा रहा है। दिन ढलने के बाद यहां तैनात पुलिसकर्मी गलियों में विशेष नजर रख रहे हैं।अटाला इलाके में शुक्रवार दोपहर हुए बवाल के बाद यहां बड़ी संख्या में पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं। रात के अंधेरे में यहां रहने



की थी। बवाल के बाद 30 से अधिक लोग घरों में ताला लगाकर भाग निकले हैं। पुलिस इनके बारे में पता लगा कर तलाश कर रही है। यह सभी बवाल के डर की वजह से भागे हैं या फिर हुई घटना में शामिल थे, इसका पता लगाया जा रहा है। इलाके में अघोषित कफ्र्यू सा नजारा है। चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात है जुमे की नमाज के बाद तीन घंटे जमकर हुआ था बवाल : शुक्रवार दोपहर अटाला इलाके में उपद्रवियों ने पथराव, आगजनी और बमबाजी की थी। तीन घंटे बाद बवाल थमा पता लगाया जा रहा है। अटाला में पसरा सननटा, चौथे दिन भी दुकानें बंद : बवाल के चौथे दिन आज सोमवार को भी अटाला क्षेत्र में सननटा पसरा रहा। दुकानें बंद हैं। मुख्य सड़क के साथ ही गलियों में भी पुलिस कर्मी तैनात हैं। अटाला की तरफ जाने वाली सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग की गई है।दिन ढलने के बाद बरती जा रही विशेष चौकसी : अटाला इलाका चौथे दिन सोमवार को भी पुलिस छावनी में तब्दील है। हर तरफ सननटा और बीच-बीच में पुलिस की बूटों की आवाज ही वाले लोग चोरी-छिपे गलियों से भाग भी रहे हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने निगरानी तेज कर दी है। स्ट्रीट लाइट व टार्च से रात में पुलिसकर्मी कर रहे निगरानी : दिन ढलने के बाद गलियों में जल रहीं स्ट्रीट लाइटों और पुलिसकमिऱ्यों के पास मौजूद टार्च से नजर रखी जा रही है। इसके अलावा अटाला चौराहे की तरफ आने वाले सभी मार्गों पर बैरीकेडिंग की गई है। यहां तैनात पुलिसकर्मी किसी को भी भीतर दाखिल नहीं होने दे रहे हैं।

# एटीएम गार्ड को नौकरी से हटाया,रोजी-रोटी के पड़े लाले

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील के सगरा सुंदरपुर भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम गार्ड को नौकरी से हटा देने से उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। धधुआ गाजन गाँव के वासिद अली पुत्र वाहिद अली का कहना है कि उन्हें बिना किसी कारण के एटीएम गार्ड की नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने 10 साल तक सगरा सुंदरपुर एटीएम पर गार्ड की नौकरी की।01जून को बिना किसी किसी कारण के उसे आदेश दिया गया कि कल से उसे ड्यूटी पर नहीं आना है। कारण पूछने पर उसे नहीं बताया गया। उसे 2 महीने का वेतन भी नहीं दिया गया।वासिद के अनुसार सिक्योरिटी एजेंसी से उसका पीएफ भी कटता था लेकिन न तो उसका पीएफ दिया जा रहा है न ही 2 महीने का वेतन।10 साल तक नौकरी करने के बाद अब वह कहाँ जाय उसके सामने बड़ा संकट है।इससे उसे अपना परिवार पालने में कठिनाई हो रही है।सिक्योरिटी एजेंसी अल्ट्राबॉस इंदिरा नगर, लखनऊ की बताई जाती है।एजेंसी के जिम्मेदार को पीडित के द्वारा जब फोन लगाया जाता है तो वह फोन भी नहीं लगता है।इससे पीडित एटीएम गार्ड दर-दर भटक रहा है।उसकी सुनने वाला कोई नहीं है। उसने विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल को प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलवाने की माँग की। देखना है विधायक उस पीडित को न्याय दिलाने में कहाँ तक सफल हो पाते हैं लेकिन एक बात तो तय है कि 10 साल तक नौकरी देने के बाद एकाएक यदि कोई एजेंसी अपने कर्मचारी को बैठा देती है या उसे नौकरी से निकाल देती है तो उसकी भरपाई कौन करेगा। उसका पीएफ और दो महीने का वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है। क्या श्रमिक कानून ऐसी एजेंसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही करके पीडित को न्याय दिलाएगा या ऐसे ही लोग ठगे जाते रहेंगे और उनका भविष्य और उनका परिवार रोटी के लिए दर-दर की ठोकरें खाएगा।

# मा0 उपमुख्यमंत्री स्वरूपरानी चिकित्सालय का किया निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** मा0 उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत रविवार को स्वरूपरानी चिकित्सालय पहुंचकर अस्पताल




का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय में बनाये गये मॉडलर आपरेशन थियेटर का फीता काटकर शुभारम्भ किया तथा मॉडलर ऑपरेशन थियेटर की प्रशंसा भी की। उन्होंने अस्पताल में भ्रमण कर साफ-सफाई, पीने के पानी तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुछ जगहों पर साफ-सफाई में कमी पाये जाने तथा कुछ स्थानों पर नल की टोटी में ठीक से पानी की सप्लाई न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य को इसको तत्काल ठीक कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वहां पर कुछ मरीजों और उनके तीमारदारों से भी बातचीत की तथा उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं को तत्काल दूर किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभागार में अस्पताल के चिकित्कसकगणों, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वरूपरानी चिकित्सालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आप सभी को जो दायित्व सौंपा है, वह बहुत ही पूण्य का कार्य है। अस्पताल में लोग रोते हुए आते है, आप सभी उनके दुख-दर्दों को दूर करके उनकों प्रसनन्न करते हुए घर को वापस भेजते है। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि आप सभी लोग मरीजों को भगवान मानकर उनकी सेवा करें। उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी लोगो की जो भी समस्यायें है, उनकों सवीच्च प्राथमिकता पर निस्तारित किया जायेगा। अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न होने पाये, मरीजों तथा उनके तीमारदारों की सही तरीके से काउसिलिंग करके उनको सही जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने पैरामेडिकल स्टाफ एवं आउटसोर्स के कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना तथा उनकों आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी समस्यायें है, उनका शीघ्र ही समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, स्वरूपरानी के प्रधानाचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह सहित अन्य अधिकारीगणों के अलावा चिकित्सकगण, पैरामेडिकल स्टाफ एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# हमारी सरकार आम आदमी के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्ध-उप मुख्यमंत्री

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुखपालनगर में आयोजित गरीब कल्याण जनसभा को मुख्य अतिथि के रूप संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी योजनाएं चला रही है जिससे कि गरीबों के जीवन में खुशहाली आवे इस अवसर पर सांसद सीमा द्विवेदी, सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, शिक्षक सनतक उमेश गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गो के जीवनस्तर को उठाने के लिये योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया है। गरीबों को निःशुल्क आवास, शुद्ध पेयजल, सामुदायिक शौचालय, जनधन खाते तथा किसान सम्मान निधि पेंशन उनके निजी खाते में शत् प्रतिशत धनराशि प्राप्त हो रही है। उन्होने कहा कि 9 करोड़ महिलाओं उज्जवला योजना के अन्तर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है, यही नही मा0




द्विवेदी, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, प्रभारी भाजपा नागेन्द्र रघुवंशी पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक हरि पताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गाँवों, मुख्यमंत्री जी ने वर्ष में 02 बार होली और दीवाली में उज्जवला कनेक्शन धारकों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। इसी तरह गरीबों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये 5 लाख रूपये तक आयुष्मान योजना के अन्तर्गत लगभग 5 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है जिसके माध्यम से गरीब व्यक्ति भी किसी भी निजी अस्पताल में निःशुल्क ईलाज की सुविधा प्राप्त कर सकता है। उन्होने युवाओं के रोजगार की चर्चा करते हुये कहा कि सरकार कौशल विकास मिशन के माध्यम से नौजवानों को तकनीकी प्रशिक्षण देकर स्टार्टअप योजना के अन्तर्गत बैंक ऋण उपलब्ध कराकर रोजगार सृजन कर रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को दैवीय आपदा में होने वाले नुकसानों से सुरक्षा प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश के सांस्कृतिक वैभव को पुर्नस्थापित करते हुये अयोध्या एवं काशी का विकास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार की नीति अपराध और हिंसा के विरूद्ध जीरो टालरेन्स की है, किसी भी अपराधी और हिंसा में लिप्त व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जायेगा। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनायें जन-जन तक पहॅुचने से आम आदमी के जीवन स्तर में बदलाव आया है। इसके अलावा जनसभा को सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर सहित विधायकगणों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।इस अवसर पर राजेन्द्र प्रताप सिंह, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, नागेश प्रताप सिंह, अवधेश मिश्र, गणेश नारायण मिश्र, केके सिंह, स्वामी नाथ शुक्ल, देवानन्द त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, देशराज सिंह, प्रतिभा सिंह, आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, सतीश चौरसिया, राघवेन्द्र नाथ शुक्ल, गिरधारी सिंह, अभय सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय, नितिन केसरवानी,पवन गौतम, कुशाग्र श्रीवास्तव, अनिल मौर्य उपस्थित रहे।

# वाराणसी में जागरण विमर्श : तथ्यों को ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संदर्भों में देखें तो विवाद की गुंजाइश नहीं

**वाराणसी ।** समाज में लोगों के सोचने-समझने की शक्ति का ह्रास हो रहा है। लोग बिना सोचे-समझे ही सड़क पर निकल कर उपद्रव कर रहे हैं, यह प्रवृत्ति, सामाजिक सद्भाव, सहकारिता एवं राष्ट्रीय एकता के लिए खतरनाक है। यह कहना है महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर (राजस्थान) की पूर्व कुलपति व काशी हिंदू विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन रहीं प्रो. चंद्रकला पाडिया का। वह सोमवार को जागरण कार्यालय में 'आक्रोश के बहाने उपद्रव' विषय पर आयोजित विमर्श को संबोधित कर रही थीं। भाजपा प्रवक्ता नुपूर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद उठे विवाद और मस्जिदों में नमाज के बाद पथराव और हिंसा पर उतारू भीड़ के बाबत उन्होंने कहा कि एक तो नुपूर ने कुछ गलत नहीं कहा, जो भी कहा, वह उनकी धार्मिक पुस्तक हदीसों में लिखा हुआ है। विरोध करने वालों को पहले उसे पढ़ना चाहिए, यदि वह गलत है तो उसे ऐसी पवित्र किताबों से हटा देना चाहिए। दूसरे नुपूर शर्मा हों या कोई और, किसी भी तथ्य पर टिप्पणी करने से पहले उस विषय के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संदर्भों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

# अवैध तमंचा व डेढ़ किलो गांजा लेकर घूम रहा बदमाश चौकी इंचार्ज ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

(आधुनिक समाचार सेवा)
शुभम मोदनवाल

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के तरवनियाँ स्थित ओवरब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस संग एक



नशे के सौदागर को धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से तमंचे के अलावा डेढ़ किलोग्राम गांजा भी बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस उसे लेकर थाने आयी और जेल भेज दिया गया। सैदपुर कस्बा चौकी इंचार्ज देवेंद्र बहादुर सिंह तरवनियाँ के ओवरब्रिज के नीचे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच उधर से एक व्यक्ति गुजरा। पुलिस को देखकर वो हड़बड़ा गया तो सन्देह होने पर चौकी इंचार्ज ने उसे रोका और तलाशी लेने लगे। उसके झोले में से डेढ़ किलो गांजा मिला। साथ ही उसकी कमर से एक देशी तमंचा व जिंदा कारतूस मिला। जिसके बाद उसे थाने लाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पाल पुत्र शिवशंकर पाल निवासी विक्रमपुर बताया। जिसके बाद उसे सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया।

# अधिकारी जनप्रतिनिधियों के सुझाव एवं शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारित -ब्रजेश पाठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विकास भवन सभागार में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की प्रगति एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में अधिकारियां के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। बैठक में सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, शिक्षक सनतक उमेश द्विवेदी, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पूर्व विधायक धीरज ओझा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने पेयजल योजना, विद्युत आपूर्ति, सड़कों एवं पुल के निर्माण एवं मरम्मत, सड़क सुरक्षा, विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण, स्कूल चलो अभियान, अस्पतालों में डाक्टर एवं दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। हर घर नल की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि जनपद में पूर्व में 108 पानी की टंकी निर्मित है जिससे ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति की जा रही है, 70 नई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम गोपालापुर विकास खण्ड सदर के ग्राम प्रधान से सीधे दूरभाष पर जलापूर्ति के सम्बन्ध में वार्ता की, उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में हर घर नल योजना के आच्छादन की कायर्योजना बना ली जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी से जनपद में लगे हैण्डपम्पों के मरम्मत एवं रिबोर के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, उन्होने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी को देखते हुये तत्काल खराब हैण्डपम्पों को ठीक कराया जाये। बिजली आपूर्ति के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि विद्युत आपूर्ति की जा रही है, उनके द्वारा जनपद में एबीसी कन्डक्टर की आवश्यकता बतायी गयी जिस पर उपमुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि इसका एक मांग पत्र शासन को प्रेषित किया जाय और उसकी प्रति मुझे भी उपलब्ध करायी जाय। जनपद में विद्युतीकरण से छुटे हुये कुछ मजरों के सम्बन्ध में सांसद की शिकायत के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि जिलाधिकारी अधीक्षण अभियन्ता विद्युत द्वारा उपलब्ध कराये गये रिकार्ड का परीक्षण कर लें यदि उनके द्वारा गलत तथ्य प्रस्तुत किये गये है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजा जाय।सड़क निर्माण की समीक्षा करते हुये उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विधानसभाओं क्षेत्रों आने वाले सबसे लम्बी सड़क यदि मरम्मत योग्य है या विस्तारित किया जाना है तो उसका प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजवाया जाये। शिक्षा विभाग की समीक्षा के समय जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द द्वारा बताया गया कि यूपी बोर्ड के मान्यता प्राप्त एवं राजकीय विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण बेहतर हुआ है तथा नामांकन भी बढ़ा है। सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विद्यालयों में जागरूकता के लिये विभिनन्‍ तरह की प्रतियोगितायें आयोजित की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि जनपद में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत 52365 नये छात्रों का नामांकन कराकर जनपद का शत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत विद्यालयों में रैलियां और प्रार्थना सभा में बच्चों को नियमित रूप से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी दी जाती है। ड्रेस की धनराशि डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में भेज दी गयी है। प्रेरणा पोर्टल पर ड्रेस पहने हुये छात्रों की फोटो अपलोड कराने के शासन के निर्देश का अनुपालन करने का निर्देश उपमुख्यमंत्री ने दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 984 स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं 186 वेलनेस सेन्टर निर्मित है। उपमुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि वेलनेस सेन्टर पर ए0एन0एम0 द्वारा लैपटाप पर संजीवनी एप के माध्यम से लोगों को सुविधा उपलब्ध करायी जाये। स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य के सम्बन्ध में शिकायतों का निस्तारण किया जाये, उन्होने सचेत किया कि सभी अस्पतालों में वहां पर कार्यरत/तैनात डाक्टर सहित सभी कर्मचारियों की सूची लगवायी जाये, साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की सूची तथा एन्टी रैबीज इंजेक्शन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। कोई भी सीएचसी/पीएचसी बन्द न रखी जाये। डाक्टरों की कमी के सम्बन्ध में उपमुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि एन0एच0एम0 के अन्तर्गत डाक्टरों की नियुक्ति की जाये ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। उपमुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा करते हुये कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहॅुचायें। यदि किसी अधिकारी को कोई समस्या है तो उसका भी उचित समाधान किया जायेगा। अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों द्वारा बताये गये सुझाव एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि अधिकारीगण शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करें ताकि हर गरीब को योजना का वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके।कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जनपद में सतर्क दृष्टि रखी जा रही है ।

# रोडवेज बस का टायर फटा एक युवक के पैर में आई गंभीर चोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)** । स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के आज शुक्रवार दोपहर बस का टायर फट गया जिसके कारण रोडवेज बस अनियंत्रित होकर लहराने लगी जिसके कारण बस बैठे विनोद कनोजिया पुत्र राम



बाद डाला चढ़ाई पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस का टायर फटने से बस अनियंत्रित होने के कारण एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रोडवेज रेनुकूट से अहरौरा जा रही थी कि जैसे ही डाला चढ़ाई स्थित पेट्रोल पंप के समीप एकाएक रोडवेज जी निवासी बिखमपुर चकिया को पैर गम्भीर चोट आई है स्थानीय लोगों की मदद से डॉयल 108 न0 एम्बुलेंस द्वारा चोपन सीएचसी भेज दिया गया जहाँ डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए घायल को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# खड़ी हाईवा में बाइक ने मारी पीछे से टक्कर बाइक सवार की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)** ।हाथी नाला थाना क्षेत्र के हाथीनाला- रेणुकूट मार्ग पर आज सुबह तीन बजे सड़क के किनारे खड़े हाइवा में एक बाइक सवार पीछे से टकरा गया। जीसे हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार 45 वर्षीय जय प्रकाश एक्का पुत्र जोहन एक्का, निवासी एनसीएल दुद्धी चुआ सिंगरौलीं, अपनी बाइक से शनिवार की सुबह रॉबर्ट्सगंज की तरफ जा रहा था। हाथीनाला तिराहे से एक किमी पूर्व ही तेज रफ्तार के कारण बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खड़े हाइवा में पीछे से टक्कर मार दिया। जिसे मौके पर मौत हो गई पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार बाइक से उछल कर हाइवा के चक्के पर जा गिरा। हाइवा खराब होकर सड़क किनारे टेढ़ा होकर खड़ा था। उधर से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों की नजर ज़ब युवक पर पड़ी तो उसे इस हाल में देख कर अचम्भित



हो गए। पास में क्षतिग्रस्त बाइक देख कर किसी अनहोनी की आशंका से उन्होंने पुलिस को फोन कर सूचना दिया हाथीनाला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस द्वारा चोपन हॉस्पिटल भेज दिया जो कि डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# पीएसी जवानों ने राष्ट्र भक्ति गीत से लोगों के मन को देशप्रेम से जागृत

**मीरजापुर** । भरुहना स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा रविवार को पीएसी के ब्रास बैंड जवानों के देशभक्ति धुन से गूंज उठा। देशभक्ति धुन को सुनकर लोग रोमांचित हो उठै। अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय के निर्देश, सरकार की 100 दिन की प्राथमिक कार्य योजना के क्रियान्वयन पर पीएसी के जवानों ने ब्रास बैंड बजाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 39वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर के सेनानायक देवेश कुमार पांडेय और सहायक सेनानायक परमानन्द पांडेय के निर्देशन में सूबेदार मेजर कान्ता प्रसाद पटेल एवं चौकी इंचार्ज भरुहना नरेंद्र यादव के कुशल नेतृत्व वाहिनी बैंड के जवानों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा भरुहना



में लोक धुन और देश भक्ति धुन बजाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। वाहिनी ब्रास बैंड द्वारा अपनी मधुर धुन एवं राष्ट्र भक्ति गीतों से आमजन के मन को देशप्रेम, पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच की भावना को जागृत किया। श्रोताओं ने पीएसी बल के वाहिनी बैंड के जवानों के मधुर धुन से प्रसन्न होकर प्रशंसा स्वरूप जोरदार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। विनय कुमार मिश्रा आदि जवान रहे।

# आपसी विवाद को खत्म परिवार को मिलाया

**मीरजापुर** । पुलिस लाइन में आयोजित किए गए परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को आपसी विवाद खत्म कराकर एक दूसरे से अलग



रहे 23 दंपत्ती को मिलाया गया। आपस में एक दूसरे की कमी को दूर करने पर स्वजन उनको साथ लेकर चले गए। लालगंज के चिरईराम की रहने वाली सुषमा का हलिया के देवरी पूरब निवासी संजय गौतम के साथ कुछ वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद से दोनों में किसी बात को लेकर अनबन हो गई तो दोनों अलग रहने लगे। मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों के बीच सुलह समझौता कराया। कछवां के दजिय्यान मोहल्ला निवासी की शादी अजहरूददीन से निवासी तितराही कशापुर महाराजगंज भदोही के साथ हुई थी। इनके बीच भी परिवारिक कलह को लेकर विवाद हो गया और दोनों अलग रहने लगे। इनका मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंचा तो टीम ने दोनों को सामने बैठाकर उनके बीच की गलतफहमी को दूर कराया। इसके बाद दोनों साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इसी प्रकार अन्य लोग भी सुलह समझौता के माध्यम से अपने परिवार को लेकर चले गए। इस दौरान मुख्य आरक्षी शशि तिवारी, प्रीति चौबे, सपना तथा सदस्य कृष्ण कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# अवैध बालू परिवहन में नौ टीपर सीज, खनन करने वाले फरार

**चोपन (सोनभद्र)** ।तमाम दावों के इतर जिले में अवैध खनन नहीं रूक रहा है। इसका ताजा उदाहरण शनिवार को देर रात देखने को मिला। जुगैल थाना क्षेत्र के बड़गवा गांव के पास सोन नदी में अवैध खनन का बालू लोड कर रहे नौ



टीपर को टीम ने पकड़कर सीज कर दिया। कार्रवाई में एसडीएम व सीओ ओबरा शामिल रहे। एसडीएम रमेश कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से मिल रही शिकायत के बाद यह छापेमारी की गई। भारी संख्या में फोर्स को देखते ही अवैध रूप से खनन करने वाले मौके से भाग गए एसडीएम को पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि जुगैल थाना क्षेत्र में सोन नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में रात के अंधेरे में भारी पैमाने पर टीपर लगाकर अवैध खनन व परिवहन कराया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार की देर रात पूरे दलबल के साथ अधिकारियों ने बरगवा स्थित गुजरी पहाड़ के नीचे से बह रही सोन नदी के किनारे छापेमारी की। उस समय 12 से अधिक टीपर में अवैध खनन का बालू लोड किया जा रहा था। अचानक हुई कार्रवाई से अवैध खननकर्ताओं में अफरातफरी मच गई। अंधेरे का लाभ उठाते हुए खननकर्ता भागने में सफल हो गए।

# आमने सामने दो बाइक की टक्कर में दो घायल रेफर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

**डाला (सोनभद्र)** ।चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में आज शनिवार को दो बाइक आमने सामने से भिड़ गए घायल हो गया। और दूसरा बाइक सवार अज्ञात भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बाइक जब आपस मे भिड़े तो जो दूसरा गम्भीर घायल बाइक सवार



जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक पर दो-दो लोग आ जा रहे थे कि गुरमुरा जयगुरुदेव आश्रम के आगे तिवराइन होटल के पास एकाएक दो बाइक आमने सामने से भिड़ गए जिसमें एक बाइक सवार विशाल गोड़ पुत्र रविशंकर गोड़ व उसका साथी दोनों ही डाला के तरफ जा रही ऑटो पर बैठ कर चले गए। स्थानीय लोगों द्वारा डॉयल 108 न0 एम्बुलेंस से घायल विशाल को चोपन सीएचसी भेज दिया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आमदनी दोगुनी करने के लिए किसानों को व्यावसायिक होना पड़ेगा

**मीरजापुर** । वही किसानों की आय दोगुनी करने के संबंध में मध्य प्रदेश के खरगोन जिले से आए विकसित कृषक अभिषेक पाटीदार ने राजगढ़ मडिहान की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए लाल मिर्च की खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कम पानी में प्रति एकड़ तीन लाख की आमदनी होगी। राजस्थान के नागौर जिला से हर्बल खेती करने वाले कृषक राकेश चौधरी ने प्राकृतिक संसाधनों जीव जंतु के संसाधनों एवं वनस्पति के संसाधनों से हर्बल खेती कर




किसानों की आय दोगुनी करने का मंत्र दिया। बीएचयू साउथ कैंपस के वैज्ञानिक डा. श्रीराम सिंह ने कहा कि सहभागी बीज उत्पादन के जरिए किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डा. सतीश कुमार सिंह ने मिट्टी के स्वास्थ्य को ठीक करके हरी खाद के जरिए ढैचा की खेती करके बिना रासायनिक खादों का प्रयोग किए खेती करने के गुर बताई। आइआइटी बीएचयू के छात्र एवं जगुआर कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर दीपक शर्मा ने गांव, तहसील एवं जिलास्तर के बिचौलियों को हटाकर अपना उत्पाद डायरेक्ट कंपनी को बेच कर सीधा लाभ कमाने के लिए टिप्स दिए। इस मौके पर अजय कुमार सिंह, डा. अशोक सिंह, शंभूनाथ सिंह, रामकृपाल सिंह, वीर बहादुर सिंह, उदय राम सिंह, राम कुमार सिंह, शिवशंकर सिंह, डा अरविंद पटेल आदि किसान रहे। संचालन शैलेंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता हाईकोर्ट एवं अध्यक्षता ग्राम प्रधान कैलाश नाथ सिंह ने किया।

# समाज में बुराई फैलाने वालों से कड़ाई से निपटेगा जिला प्रशासन

**दुद्धी (सोनभद्र)** । कानपुर व प्रयागराज में उपजे बवाल के मद्देनजर प्रशासन ने रविवार को समुदाय विशेष के लोगों के साथ बैठक की। अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा व अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि दुद्धी नगर शांतप्रिय कस्बा के रूप में अपनी पहचान बनाए रखा है। इस पर धब्बा नहीं लगना चाहिए। मौजूदा समय में समाज के उस तबके पर पैनी नजर रखनी है जिसे अभी अपना कैरियर शुरू करना है। जिनके अंदर सोचने व निणर्य लेने की क्षमता नहीं है। हिंसा फैली जगहों पर छोटे और ऐसे ही नौजवान बच्चे चिह्नित हुए हैं। आवेश में आकर ऐसे फैसले करने पर उनके कैरियर पर ग्रहण लगा सकता है। मुकदमा दर्ज होने के बाद नौकरी के लिए पुलिस की जांच में पासपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र आदि जैसे दस्तवेजों से वंचित रहना पड़ सकता है। अधिकारीद्वय ने इंटरनेट मीडिया पर भी गहरी निगाह रखने की बात कही। समाज में बुराई फैलाने वाले ऐसे अवांछनीय तत्वों से प्रशासन कड़ाई से निपटेगा। सभी लोगों से ऐसे व्यक्तियों को चिह्नित कर प्रशासन



को अवगत कराने की अपील की जाती है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राघवेंदद्र सिंह, सदर मु. शमीम अंसारी, दारुल उलूम अरबी महाविद्यालय के कौनन अली, मन्नू खान, मुख्तार अंसारी, मेराज अहमद, कलीमुल्लाह खान, जियारत अली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सावित्री देवी ने सरकार द्वारा बनाये ठसम्भवठ व्यवस्था के तहत नगर पंचायत लिपिक को 8 सूत्रीय मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन.......

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**चोपन (सोनभद्र)**। शासन द्वारा बनाये 'सम्भव' व्यवस्था के तहत सोमवार को नगर पंचायत में जनसुनवाई दिवस पर महिला सुरक्षा एवं जनसेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष जनसेविका सावित्री देवी ने की समस्या हेतु लगातार सूचना प्राप्त होती रहती है जिसकी वजह घर में लगे मोटर है जिसके लिए लोगों से आग्रह करते हुये उनसे नगर की अन्य जनता को पानी मिले इस लिए मोटर हटाने हेतु आग्रह करें-5- नगर के कई जगहों पर नालिया टूटी है कई जगहों पर जाये व किनारे इन्टरलाकिंग व रगाई,पुताई का कार्य करवाया जायें 8- चोपन स्थित कांशीराम आवास में हाईमास्क लाईट लगवाया जायें- जल्द उपरोक्त समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुये उचित कार्यवाही करें। श्री ए0के0शर्मा नगर विकास मंत्री ने कहा कि जनसुनवाई




चोपन अधिशासी अधिकारी के नाम से पत्र जनसुनवाई के दौरन उपस्थिति लिपिक अंकित पाण्डेय को नगर पंचायत क्षेत्र में प्रमुख मांग व समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया गया जो निम्न प्रकार हैं 1- आदर्श नगर पंचायत चोपन क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत अति महत्त्वपूर्ण अति आवश्यक बस स्टैंड के पास नाली से अटैच करते हुए शौचालय/यूरिनल प्राथमिकता के आधार पर जल्द बनवाया जाये-2- चोपन बस स्टैंड पर पानी की व्यवस्था हेतु टंकी टोटी लगाया जाये-3- नगर पंचायत चोपन के सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर बिना भेद भाव के टेंडर कर कार्य किया जाये4- नगर पंचायत चोपन वार्ड अंतर्गत लगातार पानी पटिया टूटे है जिसको वार्ड अनुसार जानकारी मंगवा कर जल्द सही करवाया जाएं-6-आदर्श नगर पंचायत स्थित काली मंदिर मैरेज हाल लगभग 3 वर्ष से बंद पड़ा है आस पास के लोगों को कोई भी धार्मिक, मांगलिक कार्यक्रम करने में लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है पूर्व में कई बार प्रार्थना पत्र भी दिया गया है लेकिन सिर्फ आश्वाशन ही मिला आपके पत्र के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग को बिल्डिंग ध्वस्तीकरण हेतु पत्र भी भेज दिया गया था लेकीन आज तक इस पर कार्यवाही नही हो सका।7-चोपन स्थित दोनों कांशीराम आवास में टुटी पानी की पाईप,नाली व मार्ग सही करवाया की 'सम्भव' (सिस्टमैटिक एडमिनिस्ट्रेटिव मैकॅनिज्म ब्रिंग हैप्पीनेस एण्ड वैल्यू) नामक इस व्यवस्था से नागरिकों की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही निस्तारण हो सकेगा और लोगों को एक पारदर्शी व जवाबदेही व्यवस्था मिलेगी।फिर भी यदि किसी समस्या का समाधान अधिशासी अधिकारी स्तर पर नहीं हो पाता है तो महीने के प्रथम बुधवार को उच्चस्तर स्तर पर मामलों को सुना जाएगा।उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान में सभी संबंधित अधिकारी अपना सार्थक योगदान देंगे। जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से ही अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन होगा और इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जायेगी।

# एसडीएम व सीओ की कार्यवाही में अवैध बालू लाद रहे नौ टीपर धराया मचा हड़कंप

## एसडीएम व सीओ की कार्यवाही में अवैध बाल लाद रहे नौ टीपर धराया मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**


**चोपन (सोनभद्र)** । बिते शनिवार की अर्द्ध रात्रि में जुगैल थाना क्षेत्र के बड़गवा गांव से सटे सोन नदी से अवैध रूप से बालू निकाल रहे आधा दर्जन से उपर टीपरों को मुखबिर के सटीक सूचना पर एसडीएम ओबरा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर मौके पर ही पकड़ लिया वहीं भारी संख्या में फोर्स को देखते ही अवैध खनन कर्ताओं में हड़कंप मच गया जिसके बाद कुछ आधी लदी हुई बालू छोड़ कर तो कुछ बालू लाद रहे मजदूरों सहित टिपर चालक मौके से फरार हो गए पकड़े गए गाड़ियों की बरामदगी के बाद खनन अधिकारी को सूचित करते हुए जूगैल पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए उक्त सभी वाहनों को सौंप दिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार ओबरा एसडीएम रमेश कुमार तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद को पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि जुगैल थाना क्षेत्र में सोन नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में बालू के अवैध कारोबारियों द्वारा रात के अंधेरे में भारी पैमाने पर टीपर लगाकर अवैध खनन व परिवहन कराया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार की मध्यरात्रि में पूरे दलबल के साथ उक्त दोनों अधिकारियों ने बरगवां स्थित गुजरी पहाड़ के नीचे से बह रही सोन नदी के किनारे छापा मारा जहां लगभग एक दर्जन टीपर सोन नदी में अवैध रूप से बालू खनन कर रहे थे अचानक फोर्स के साथ अधिकारियों को देखकर बालू लाद रहे मजदूरों व चालकों में हड़कंप मच गया जिसमें से कुछ लोग रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इधर-उधर भागने में कामयाब रहे। उसके पश्चात एसडीएम ने पूरे प्रकरण की जानकारी खनन अधिकारी को दी तथा जुगैल पुलिस को बुलाकर सभी टीपरों को सुपुर्द कर दिया रविवार की सुबह वैकल्पिक चालकों की व्यवस्था करने के बाद मौके पर पहुंचे खनन सर्वेयर व पुलिस के लोग बालू लदे गाड़ियों को जुगैल थाने ले जाने लगे जहां जानकारी के अनुसार रास्ते से भी कुछ गाड़ियां भागने में सफल हो गई और अंततः कुल नौ टीपरों को पुलिस कार्यवाही की जाएगी वही एसडीएम ओबरा ने बताया कि काफी दिनों से जुगैल थाना क्षेत्र के विभिनन स्थानों पर सोन नदी में अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी जिसके बाद यह कार्यवाही की गई है।बताते चले कि जुगैल थाना क्षेत्र में राज्य सरकार की ओर से बालू खनन के लिए कई पट्टे आवंटित किए गए हैं उच्चाधिकारियों को अवैध खनन की सूचना मिल जा रही है जिसके बाद कार्यवाही भी की जा रही है लेकिन वहीं जुगैल पुलिस को इतने बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन की सूचना तक नहीं है जो कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है चर्चाओं की माने तो के लिए वरदान साबित होता है इसके पूर्व में भी जुगैल क्षेत्र में सोननदी के तटीय इलाकों में बालू के अवैध खनन पर कार्रवाई की जा चुकी है जहाँ नदी में आने जाने वाले रास्तो को भी जेसीबी मशीन से कटवा दिया गया था बावजूद कुछ समय के लिए अवैध बालू खनन




थाने ले जाने में कामयाब हुई। मौके पर पहुंचे मिडियाकर्मियों ने जब इस बारे में सर्वेयर से जानकारी चाही तो उन्होंने इस बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार किया वही दूरभाष पर बात करने पर खनन अधिकारी ने बताया की ओबरा एसडीएम द्वारा कुछ टीपरों को सोन नदी में अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया है जिनके ऊपर वैधानिक जिसका फायदा उठा कर के सफेदपोश अवैध खननकर्ता रात के अंधेरे के अंधेरे में थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर चोरी छुपे टीपरों पर बालू लोड कर रावटसगंज तथा अन्य स्थानों पर विक्रय करते हुये राजस्व को भारी क्षति पहुंचा रहे हैं वहीं आश्चर्यजनक पहलू यह भी है कि 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर रह रहे जुगैल पुलिस को अवैध खनन कर्ताओं द्वारा मोटी रकम सुविधा शुल्क के रूप में प्रदान की जाती है जिसके एवज में पुलिस मुंदहुं आंख कतउ कुछ नाहीं की तर्ज पर खामोश रहती हैं गौरतलब हो कि जुगैल इलाके में मोबाइल नेटवर्क का न होना अवैध खनन कर्ताओं सहीत अन्य अवैध कार्यों में लिप्त लोगों बंद कर दिया गया परंतु पुनः फिर से खेल शुरू कर दिया गया अब देखना होगा कि आने वाले समय में अवैध बालू खनन पर कितना प्रभावी अंकुश लग पा रहा है अन्य अपडेट लगातार पाने के लिए हमारा फेसबुक पेज लाइक करें आप हमें टवीटर पर भी फॉलो कर सकते हैं आप हमारा एंड्राइड ऐप भी डाउनलोड कर सकते ह

# आइपीएल मीडिया राइट्स बिके, ऊन्न् और डिजिटल राइट्स तय : सूत्र

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के बाद अगले पांच सालों के लिए मीडिया के राइट्स के अधिकार को बीसीसीआई बेच रही है। इस के लिए नीलामी प्रक्रिया रविवार को शुरू की गई थी। पहले दिन ए और बी पैकेज के लिए जोरदार बोली लगी थी और दोनों को मिलाकर बीसीसीआई को अब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई होनी तय हो गई है। दूसरे दिन की नीलामी को लेकर 43,050 करोड़ में बोली खत्म हुई। आइपीएल दुनिया की सबसे पापुलर क्रिकेट लीग है जिससे जोरदार कमाई होती है। इसके मीडिया राइट्स को हासिल करने वालों में बड़ी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। बीसीसीआई




को नीलामी में जैसे उम्मीद थी वैसे ही पहले दिन बढ़ चढ़कर बोली लगाई गई। नीलामी प्रक्रिया के पहले दिन वायाकाम 18, सोनी, स्टार इंडिया और जी ग्रुप के बीच गजब की टक्कर देखने को मिला। अब दूसरे दिन भी इसके जारी रहने की पूरी उम्मीद है। पहले दिन की प्रक्रिया के खत्म होने के वक्त तक जो खबर सामने आई उसमें बीसीसीआई को आईपीएल के हर एक मैच के लिए पैकेज ए और पैकेज बी को मिलाकर 104 करोड़ रुपये की कमाई होती नजर आ रही है। बीसीसीआई द्वारा आईपीएल के मीडिया राइड्ट को कुल अलग-अलग चार कैटेगरी में बांटा गया है। ये जो चार पैकेज हैं इसे कहा जाता है। पैकेर्ज के तहत भारत में टीवी दिखाए जाने वाले आइपीएल के मुकाबलों के टेलीकास्ट राइट होते है।˝ में आइपीएल मैच के डिजिटल प्लेटफार्म के टेलीकास्ट राइट हैं।

# श्रेयस अय्यर ने 40 रन की पारी खेलकर तोड़ दिया युवराज सिंह का रिकार्ड

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में कटक में भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाए। भारत की तरफ से इस मैच



में सबसे बड़ी पारी श्रेयस अय्यर ने खेली और 35 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्के और 2 चौकों की मदद से 40 रन बनाए। अय्यर ने अपनी इस पारी के दम पर युवराज सिंह का एक रिकार्ड तोड़ कर उनसे आगे निकल गए। श्रेयस अय्यर का ये टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 38 मैच था और इसकी 34 पारियों में उन्होंने अब तक कुल 885 रन बनाए हैं। भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपनी पहली 34 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर आ गए। इससे पहले 34 पारियों में 879 रन बनाकर युवराज सिंह चौथे नंबर पर थे, लेकिन अब वो पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने पहले 34 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में कोहली 1327 रन के साथ पहले नंबर पर हैं। वहीं इस मामले में 1293 रन बनाकर केएल राहुल दूसरे नंबर पर हैं तो वहीं सुरेश रैना 894 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# पहले दिन का आक्शन खत्म, 50 हजार करोड़ के पार पहुंची बोली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के आनलाइन मीडिया राइट्स को हासिल करने के लिए कई दिग्गज कंपनियों की जंग जारी है। आनलाइन मीडिया अधिकार पाने के लिए कंपनियों के बीच आनलाइन बोली रविवार 11 बजे से शुरू हो चुकी है और शाम 6 बजे तक पहले दिन बोली लगी। सूत्रों की मानें तो आइपीएल के पहले दो पैकेज ए और बी की बोली को मिलाकर रकम 100 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। यानी अगले सीजन में जो टूर्नामेंट का एक मैच खेला जाना है




उसकी वेल्यू 100 करोड़ से ऊपर गई है। पैकेज ए में बोली की रकम 55 करोड़ वहीं पैकेज बी की रकम 50 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। इस वक्त बोली में सबसे आगे कौन कंपनी चल रही है इसका खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप के डिजिटल और टीवी राइट्स के लिए स्टार, सोनी और वायकाम 18 के बीच कड़ा मुकाबला जारी है। बीसीसीआइ द्वारा 13 जून को बताया जाएगा कि आखिर मीडिया राइट्स का अधिकार किस कंपनी ने अपने नाम किया। इस मीडिया राइट्स को खरीदने की होड़ में जो कंपनियां सबसे आगे हैं उनमें मुकेश अंबानी की रिलायंस-वायाकाम, डिजने हाट स्टार, जी और सोनी, ड्रीम 11, स्काई स्पोर्ट्स (ब्रिटेन), सुपरस्पोर्ट्स (साउथ-अफ्रीका) के अलावा फैनकोड और फनएशिया शामिल हैं जो देसी-विदेशी टीवी और डिजिटल अधिकार को हासिल करने की कोशिश में लगी हैं। आइपीएल के अगले पांच सीजन यानी 2023 से लेकर 2027 के लिए इस मीडिया राइट्स का आक्शन किया जा रहा है। इसके जरिए बीसीसीआइ को हजारों करोड़ रुपये की आमदनी होने की उम्मीद है। आइपीएल एक पापुलर लीग है और इसको देखने वालों की संख्या जितनी ज्यादा है पैसा लगाने वालों की भी लिस्ट उतनी ही लंबी। वैसे इस मीडिया राइट्स को हासिल करने की होड़ में पहले एमाजोन, फेसबुक और गूगल भी थे, लेकिन उन्होंने पहले ही अपने नाम वापस ले लिए थे, लेकिन इसके बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर धनवर्षा होने की पूरी उम्मीद है। यह नीलामी 12 जून रविवार को मुंबई में सुबह 11 बजे से शुरू हो चुकी है जो आखिरी बोली लगाए जाने तक जारी रहेगी। जैसे खिलाड़ियों की बोली के बाद बोर्ड द्वारा इसकी जानकारी दी जाती है वैसे ही मीडिया राइट्स के अधिकार पाने वाली कंपनी का नाम की घोषणा भी इसके बाद की जाएगी। यह आइपीएल के अगले 5 सीजन (2023 से 2027) के लिए मान्य होंगे। एक अंदाज के मुताबिक बीसीसीआइ को आइपीएल मीडिया राइट्स से इस साल 50 से 60 हजार करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं। पिछली बार जब मिडिया राइट्स को बीसीसीआइ ने पक्का किया थो तो इसे स्टार इंडिया ने पांच साल (2018-22) के लिए 16,347.5 करोड़ रुपये में अपने नाम किया था। 2017 से पहले की गई डील से यह रकम 158झ् ज्यादा थे। स्टार से पहले यह अधिकार सोनी के पास हुआ करते थे। 2008 में जब आइपीएल की शुरुआत हुई थी तो सोनी ने ही इसे हासिल किया था।

# दूसरे टी20 में ऐसी होगी टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन, इस गेंदबाज को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज का दूसरा मैच बाराबती स्टेडियम कटक में खेला जाएगा। पहला मैच गंवा चुकी टीम इंडिया के सामने गेंदबाजी क्रम में बदलाव करने की चुनौती होगी। दिल्ली में खेले गए पहले टी20 में भारतीय गेंदबाजों ने निराश किया था जबकि बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लबाजी का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के सामने 211 रन बनाए थे। ऐसा पहली बार हुआ जब टी20 में 200 से ज्यादा का स्कोर बनाने के बावजूद टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। ओपनिंग बल्लेबाजी- केएल राहुल की अनुपस्थिति में इशान किशन को मौका मिला है। इसलिए ओपनिंग जोड़ी की बात करें तो इशान के साथ एकबार फिर रुतुराज गायकवाड़ ही नजर आएंगे। इशान ने पहले मैच में शानदार बल्लेबाजी की थी और 48 गेंदों पर 76 रन की पारी खेली थी लेकिन गायकवाड़ 15 गेंदों पर 23 रन की पारी खेली थी। इस मैच में भी इन दोनों पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। मध्यक्रम की बात करें तो टीम में गहराई नजर आती है। श्रेयस अय्यर, रिषभ पंत,




हार्दिक पांड्या और दिनेश कार्तिक के रूप में टीम के पास बेहतरीन विकल्प है। हालांकि पहले टी20 में दिनेश कार्तिक को ज्यादा गेंदें खेलने का मौका नहीं मिला था। अय्यर ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। टीम इंडिया को उनसे इस मैच में बड़ी पारी की उम्मीद होगी। पहले टी20 में टीम इंडिया के गेंदबाजों ने निराश किया था और डेथ ओवरों में जमकर सभी ने रन लुटाया था। इसलिए गेंदबाजी क्रम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। तेज गेंदबाजी की बात करें तो अर्शदीप सिंह या उमरान मलिक को मौका मिल सकता है। इसके अलावा मिलर और डीकाक की जोड़ी को देखते हुए काउंटर के रूप में रवि बिशनेई को मौका मिल सकता है। रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या, रिषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), दिनेश कार्तिक, रवि बिशनेई, हर्षल पटेल, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार।

# इस खिलाड़ी को राहुल द्रविड़ देंगे मौका साउथ अफ्रीका के कप्तान ने बताया खतरा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अब हार की कगार पर खड़ी है। लगातार दो मैच हारने के बाद टीम को सीरीज बचाने के




लिए तीसरे मैच में जीत हर हाल में जरूरी है। बिना सीनियर खिलाड़ियों को खेलने उतरी टीम लगातार संघर्ष करती नजर आई है। सीरीज की शुरुआत से पहले एक खिलाड़ी के नाम को लेकर लगातार चर्चा हो रही थी लेकिन पहले दो मुकाबले में उसे खेलने का मौका नहीं मिला । भारतीय टीम विशाखापत्तनम में अपनी लाज बचाने की कोशिश में पूरा जोर लगाना चाहेगी। दिल्ली और कटक टी20 में टीम इंडिया को करारी हार मिली। सीरीज के लगातार दो मैच गंवाकर भारत इस वक्त 0-2 से पिछड़ रहा है। अगर टीम ने तीसरा मैच भी हारा तो ट्राफी उसके हाथ से निकल जाएगी। इस मैच में भारतीय टीम बदलाव के साथ उतर सकती है। कोच राहुल द्रविड़ और सीरीज के कप्तान रिषभ पंत को प्लेइंग इलेवन में कुछ नया करना होगा। इंडियन प्रीमियर लीग के हालिया सीजन में एक के बाद एक तेज रफ्तार गेंद से विरोधी बल्लेबाजों के होश उड़ाने वाले तेज गेंदबाज उमरान मलिक को अब तक अपने डेब्यू का इंताजर है। सीरीज में धमाल मचाने की वजह से चयनकर्ताओं ने उनको टी20 टीम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मौका दिया। अब पहले दो मैच में उनको प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली लेकिन द्रविड़ तीसरे मैच में उनको चुन सकते हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान तेंबा बवूमा ने उमरान के सवाल पर जवाब देते हुए उनकी रफ्तार को बेहद खतरनाक हथियार बताया था। उनका कहना था कि जिस रफ्तार से वह गेंदबाजी करते हैं वो गजब है। अगर एक गेंदबाज लगातार 150 किमी प्रतिघंटे से गेंद डाले तो कोई भी उनका सामना करना नहीं चाहेगा। बवूमा ने कहा था कि आइपीएल में उमरान की गेंदबाजी लाजवाब रही थी और सीरीज के दौरान उनका सामना करना चुनौती रहेगी।

# भारत की दूसरी हार पर बोले जहीर खान अब राहुल द्रविड़ को सख्त होना पड़ेगा

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में मेहमान टीम ने बढ़त बनाई है। लगातार दूसरा मुकाबला भारतीय टीम हारी और 0-2 से सीरीज में पिछड़ गई। पहला मैच 200 रन बनाने के बाद टीम इंडिया हार गई और रविवार




को 149 रन का लक्ष्य टीम नहीं बचा पाई। 18.2 ओवर में 6 विकेट गंवाकर टीम ने जीत हासिल कर बढ़त बनाई। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि अब टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ को सख्त होने की जरूरत है। जहीर बोले, ठजब क्लासेन और बवूमा के बीच वो साझेदारी चल रही थी तब आपको ऐसा महसूस हो रहा था कि भारतीय टीम अब यहां से नीचे की तरफ जा रही है मैच में उबर नहीं पाएगी। मैदान पर यह दिख रहा था। ये वो चीजें है जिसे राहुल द्रविड और उनकी टीम को देखने की जरूरत है। इस चीज को जितनी जल्दी हो उतनी जल्दी करना होगा क्योंकि तीसरा मुकाबला एक दिन के बाद ही होना है। उनको एक साथ होकर आना होगा, कुछ कड़ी चर्चा करनी होगी और उनको इस बात पर ध्यान देना होगा कि 40 ओवर के मुकाबले में लड़ने के लिए क्या करना होगा। भुवनेश्वर कुमार ने इस मैच में बेहद शानदार गेंदबाजी करते हुए उम्मीद के मुताबिक टीम को तीन शुरुआती कामयाबी दिलाई। पहला विकेट तो उन्होंने पहले ओवर में हासिल किया था। इसके बाद अपने अगले ओवर में ड्वेन प्रिटोरियस को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। पिछले मैच के हीरो रासी वान डेर डुसेन को भी भुवी ने महज 1 रन पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद भी भारतीय टीम मैच पर पकड़ नहीं बनाए रख पाई। यहां तक कि पहले मुकाबले में भी हमें लग रहा था, भारतीय टीम आगे चल रही है। आज भी आगे दिख रही थी फिर टीम को गेंद के साथ अच्छी आदर्श शुरुआत मिली थी। भुवनेश्वर कुमार ने बहुत ही कमाल थे, लेकिन वह मैच को उस तरह से खत्म नहीं कर पाए। इस सीरीज के आगे बढ़ने के साथ भारतीय टीम के लिए कुछ चिंताएं सामने आ रही है, साथ में दबाव भी बढ़ रहा है।

# इस प्रोटियाज बल्लेबाज से डरे हुए हैं भुवनेश्वर कुमार

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में टीम इंडिया की नजर जीत पर लगी है जिससे कि वो सीरीज में एक-एक की बराबरी कर सके। पहले मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को 7 विकेट से हरा दिया था जबकि टीम इंडिया ने 211 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। दिल्ली में हुए इस मैच में टीम इंडिया




के गेंदबाज असरहीन साबित हुए थे और पिच पर बल्लेबाजों को मिली मदद का फायदा डेविड मिलर और वान डेर डुसेन ने जमकर उठाया और दमदार पारी खेलते हुए 19.1 ओवर में 212 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया था। दूसरे मुकाबले से पहले टीम इंडिया के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने जबरदस्त फार्म में चल रहे साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर के बारे में कहा कि उन्हें गेंदबाजी करना काफी कठिन है। वो काफी अच्छी फार्म में चल रहे हैं और मैं चाहूंगा कि साउथ अफ्रीकी टीम उन्हें प्लेइंग इलेवन से ड्राप कर दे, लेकिन वो ऐसा नहीं करेंगे। उन्हें गेंदबाजी करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। आपको बता दें कि पहले मैच में मिलर ने भारत के खिलाफ 31 गेंदों पर 5 छक्के व 4 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन की पारी खेली थी और वो प्लेयर आफ द मैच भी बने थे। वहीं डुसेन ने भी 46 गेंदों पर 5 छक्के व 7 चौकों की मदद से नाबाद 75 रन बनाए थे और मिलर का काफी अच्छा साथ निभाया था। वहीं भुवी ने प्रेस कांफ्रेंस में ये भी कहा था कि टीम इंडिया के गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है साथ ही उन्हें भी अपने प्रदर्शन में सुधार लाने की आवश्यकता है। भुवी ने कहा था कि टीम इंडिया हर मैच तो नहीं जीत सकती, लेकिन अगर बल्लेबाज और गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो वो इस सीरीज में जीत जरूर दर्ज कर सकते हैं।

# जो रूट ने लगाया लगातार दूसरा शतक, इस मामले में कर ली विराट कोहली की बराबरी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट का बल्ला लगातार हल्ला बोल रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज के लगातार दूसरे मुकाबले में उन्होंने शतक जमाया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 553




रन बनाए थे। रूट की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने स्कोर को 400 रन के पार पहुंचाया। नाटिंघम टेस्ट में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने इस मैच में टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। डेरेल मिचेल के 190 और टाम बुंडेल के 106 रन की पारी के दम पर टीम ने 553 रन का स्कोर खड़ा किया। बड़े लक्ष्य के सामने पहली पारी में मेजबान की शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन ओली पोप के साथ मिलकर रूट ने टीम को संभाला। पोप 145 रन बनाकर आउट हुए जबकि ने सीरीज में दूसरा शतक जमाया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने नाटिंघम टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की बराबरी कर ली। यह उनके टेस्ट करियर का 27वां शतक था और टेस्ट शतक के मामले में वह भारत के कोहली और आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के बराबर पहुंच गए हैं। रूट 2021 के बाद से ही गजब के फार्म में चल रहे हैं। पिछली 42 टेस्ट पारियों में वह अब तक 12 शतक जमा चुके हैं। कमाल की बात यह है कि स्मिथ और विराट कोहली इस दौरान ज्यादा कुछ नहीं कर पाए हैं। कोहली के बल्ले से तो शतक निकले दो साल से ज्यादा हो चुके हैं। इससे पहले रूट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ भी लगातार दो शतक बनाए थे। वहीं भारतीय टीम जब इंग्लैंड के दौरे पर गई थी तो इस सीरीज में भी उनके बल्ले से नाटिंघम और लार्ड्स में लगातार दो शतक निकले थे।

# राशिफल

**मेष-**:अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए निजी संबंधों का इस्तेमाल करना आपके जीवनसाथी को नाराज कर सकता है. ख़र्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें और ज़रूरी चीज़ें ही ख़रीदें।

**वृष-**:आज कोई अच्छी जानकारी मिलने वाली है. आज आपको मिलने वाले अवसरों के लिए खुद को तैयार करें। आपकी महत्वाकांक्षाएं आज चरम पर होंगी।

**मिथुन-**:अपने खान-पान पर नियंत्रण रखें और फिट रहने के लिए नियमित व्यायाम करें. खर्चों में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही आय में वृद्धि से संतुलन बनेगा।

**कर्क-**:आज का दिन व्यस्त रहेगा। बेहतर होगा कि अपने प्रोजेक्ट का काम समय पर पूरा कर लें। जीवनसाथी के साथ आज आपका समय शांतिपूर्ण रहने वाला है। रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा।

**सिंह-**:मित्र के साथ गलतफहमी अप्रिय स्थिति पैदा कर सकती है, किसी भी निणन्य पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों को संतुलित दृष्टिकोण से जांच लें. अधिक खर्च और चतुर वित्तीय योजनाओं से बचें।

**कन्या-**:आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है. आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा जिससे आप सफलता की ओर तेजी से बढ़ेंगे। ऐसी सभी चीजों से दूर रहें जो आपकी प्रगति में बाधक हैं।

**तुला-**:आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है. आप जिन लोगों के साथ रहते हैं, वे आपसे बहुत खुश नहीं होंगे, चाहे आपने इसके लिए कुछ भी किया हो। आपके काम में रुकावट आ सकती है

**वृश्चिक-**:आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहने वाला है. आज मन को व्यर्थ के विचारों में न भटकने दें। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके घर से शादी की बात शुरू हो सकती है।

**धनु-**:उदास और उदास न हों. आपके लिए आकर्षक निवेश योजनाओं के बारे में गहराई से जानने की कोशिश करें, कोई भी कदम उठाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। दोस्त और परिवार आपको प्यार और सहयोग देंगे।

**मकर-**:आज आपका ईर्ष्यालु स्वभाव आपको दुखी और दुखी कर सकता है. दूसरों के सुख-दुःख बांटने की आदत विकसित करें। पिता के साथ तनाव दूर करने के लिए दिन अच्छा है।

**कुंभ-**:धैर्य रखें, क्योंकि आपकी समझ और प्रयास आपको अवश्य ही सफलता दिलाएंगे. यात्रा और धन खर्च करने के मूड में रहेंगे लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज का दिन यादगार रहने वाला है. एक समूह गतिविधि का नेतृत्व करेंगे। परिवार से जुड़ी परेशानियां आज खत्म होंगी। आप भी दूसरों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## सम्पादकीय

# निरंकुश तत्वों पर नियंत्रण जरूरीः कुछ लोग देश का सांप्रदायिक परिवेश दूषित करने पर आमादा............

करीब दो दशक पहले एक लेख में मैंने हिंदू धर्म को परिभाषित करते हुए लिखा था कि यह ऐसा धर्म है जिसके अनुयायी अपने मंदिरों के तोड़े जाने पर भी कोई आक्रामक प्रतिक्रिया नहीं दिखाते। इतना ही नहीं, अपने साथियों के मतांतरण पर भी विरोध नहीं करते, दूसरे मजहब के लोग उनकी बेटियों का छल-कपट से निकाह करा दें, फिर भी कोई आक्रोश नहीं जताते। हिंदुओं को लेकर ऐसी स्थापित धारणाओं की सूची लंबी हो सकती है। असल में वह ऐसा समय था जब हिंदू स्वतंत्र भारत में भी स्वयं को दूसरे दर्जे का नागरिक समझते थे। देश के एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कह दिया था कि भारत के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, परंतु अब समय करवट ले रहा है, हिंदुओं का स्वाभिमान जाग रहा है और इसका श्रेय विशेष तौर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। इस दिशा में हालिया दौर में दो ऐसे काम हुए जिससे हिंदुओं के स्वाभिमान को बूस्टर डोज मिली है। एक तो राम मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया, दूसरे काशी विश्वनाथ परिसर का पुनर्निर्माण हुआ। इसी क्रम में अब, सही या गलत, कई अन्य मंदिरों की पुनर्स्थापना की भी बात हो रही है। इसी पृष्ठभूमि में टीवी चैनल्स पर रोजाना तीखी बहस होती रहती हैं। ऐसी ही एक बहस के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने पैगंबर मोहम्मद साहब के बारे में कुछ बातें कह दीं, जो अवांछनीय थीं। उनका कहना है कि उन्होंने जो कुछ कहा वह हदीस के आधार पर था। जबकि हमारी परंपरा यही कहती है कि सत्य अगर कड़वा हो और उसके कहने से किसी वर्ग को ठेस पहुंचे तो उसे न कहना ही बुद्धिमत्ता है। भाजपा प्रवक्ता ने जो कहा, उसकी तल्ख प्रतिक्रिया देखने को मिली। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल जैसे राज्यों के अलावा दिल्ली और हैदराबाद सरीखे शहरों में इसे लेकर उग्र प्रदर्शन हुए। तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुईं। पुलिस पर पत्थर फेंके गए। सवाल यह है कि एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी नाराजगी को कैसे व्यक्त किया जाना चाहिए, शांतिपूर्ण ढंग से या हसक तरीके से भाजपा प्रवक्ता के बयान का सरकार ने खंडन करते हुए स्पष्टीकरण दिया। संबंधित प्रवक्ता को पार्टी से निलंबित कर दिया गया, उनके खिलाफ एफआइआर भी दर्ज की जा चुकी है। इसके बावजूद विरोध को हवा दी गई और एक हिंसात्मक आंदोलन का स्वरूप बनाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ लोग देश का सांप्रदायिक परिवेश दूषित करने पर आमादा हैं और ऐसा करने के लिए वे मौके की तलाश में रहते हैं। पाकिस्तान तो उन्हें उकसाने की फिराक में ही रहता है। इस बिगड़ैल पड़ोसी के बारे में तो कुछ कहना ही बेकार है। यह देश तो कुत्ते की पूंछ की तरह है जो कभी सीधी नहीं होगी। भारत में अशांति फैलाना, यहां के मुसलमानों को भड़काना, उसका एक स्थायी एजेंडा है। जबकि कराची में कुछ दिन पहले ही एक हिंदू मंदिर में प्रतिमाओं को खंडित किया गया, परंतु इसकी कोई चर्चा नहीं है। मंदिर को तोड़ना तो वहां कट्टरपंथियों ने अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझ लिया है। कई इस्लामिक देशों ने पैगंबर से जुड़े बयान पर हमारे राजनयिकों को बुलाकर विरोध जताया था। अन्य देशों को छोड़िए, कतर जैसे छोटे देश ने भारत से माफी तक मांगने को कहा। वहीं जब हिंदुओं पर अत्याचार होता है या उनके मंदिरों को तोड़ा जाता है तो उनके कान पर जूं भी नहीं रेंगती। इस संदर्भ में सरसंघचालक मोहन भागवत का यह बयान स्वागतयोग्य है कि हर मस्जिद में शिवलिंग देखना सही नहीं है और विवादों को आपसी सहमति से हल किया जाए और सभी को अदालती फैसला स्वीकार करना चाहिए। पूर्व सरसंघचालक प्रो. राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया ने भी एक बार प्रस्ताव रखा था कि यदि मुसलमान अयोध्या, काशी और मथुरा के विवादित स्थल हिंदुओं को सौंप दें तो संघ भारत में किसी अन्य स्थान पर मंदिर के पुनर्निर्माण का दावा नहीं करेगा, परंतु उनके प्रस्ताव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उस समय माहौल कुछ और था। आज हिंदू और मुसलमान दोनों ही वर्गों को यह समझना होगा कि उन्हें एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखते हुए देश की प्रगति में अपना योगदान करना होगा। यह कहना शायद गलत नहीं होगा कि दोनों ही वर्गों में ऐसे लोग बहुसंख्या में है, परंतु दुर्भाग्य से दोनों ओर कुछ ऐसे लोग हो गए हैं।



# बेलगाम होते इंटरनेट मीडिया के खतरे, अब बुद्धि, विवेक और भावना सब को नियंत्रित कर रहा

सभ्यताओं के विकास की कहानी बताती है कि परिवेश में बदलावों की लंबी कड़ी में इंटरनेट मीडिया की सत्ता आज सबसे अधिक महत्व की हो चली है। मानव इतिहास की नवीनतम सर्वव्यापी घटना के रूप में सूचना-संचार का गठन आज कई मानकों का अतिक्रमण कर नए-नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इस क्रम में ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ने एक बड़ा अध्याय जोड़ा है। इनका दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है। मनुष्य के लिए अपनी आत्माभिव्यक्ति और दूसरों के साथ उसे साझा करना एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इंटरनेट मीडिया ने इस प्रवृत्ति को एक होड़ में बदल दिया है। आज इंटरनेट मीडिया समाज और सामाजिकता पर हावी हो रहा है। इसका तात्कालिक प्रभाव इतना जबरदस्त होता है कि उसकी गिरफ्त में जो फंसता है, उसे कोई दूसरी राह नहीं सूझती। उलटे उससे जुड़े रहने का चाव और चाहत ऐसे तीव्र और सघन ढंग से बढ़ती जाती है कि ज्यादातर लोगों को समय कम पड़ने लगता है। आज इंटरनेट मीडिया हमारे अस्तित्व के हर निजी और सार्वजनिक पहलू को स्पर्श कर रहा है। सूचना का बढ़ता साम्राज्य हमारे परिवेश में सबसे व्यापक और प्रभावशाली बदलाव साबित हो रहा है। सूचना तो हमेशा ही जरूरी थी और ज्ञान एवं शिक्षा से उसका निकट का रिश्ता भी पुराना था, परंतु उसका दखल इतना बढ़ जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। आज जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया का अनिवार्य हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। निजता-सार्वजनिकता, दोनों का दायरा बढ़ाते हुए आज सारी चीजें उसी के अधीन होती जा रही हैं। हम हर बात के लिए इंटरनेट मीडिया पर निर्भर हुए जा रहे हैं। नैसर्गिक और वास्तविक दुनिया में बनने वाले मानवीय रिश्तों और उनके बीच आपसी संबंध को स्थगित और विस्थापित कर इंटरनेट मीडिया उनका नया गणित बना रहा है और नई पीढ़ी उसी के हिसाब से चलने को तत्पर है। इंटरनेट मीडिया अब बुद्धि, विवेक और भावना सब को नियंत्रित कर रहा है। प्रेम, घृणा, लोभ, उत्साह, विषाद या द्वेष के भाव हों अथवा किसी क्षेत्र में कुशलता अर्जित करने की चुनौती हो, सबकी और सारी राहें इंटरनेट मीडिया से या उसके पास से होकर गुजरती हैं। इंटरनेट मीडिया अब संदेश का माध्यम मात्र नहीं रहा। वह संदेश का जनक और लक्ष्य भी नहीं रहा, बल्कि इससे आगे बढ़कर उसे रचने वाला भी होने लगा है। हम सब अपने को इंटरनेट मीडिया के अनुरूप ढालने लगे हुए हैं। इसका आकर्षण इतना है कि अपनी छवि बनाने को लेकर हम अतिरिक्त रुचि के साथ इंटरनेट मीडिया के उपयोग के लिए सतर्क, सजग और सक्रिय रहने लगे हैं। इसे देखकर इंटरनेट मीडिया के जरिये व्यक्ति, समुदाय और समाज के मानस को अपने निहित उद्देश्यों की पूर्ति के उद्देश्य



से ढालने या 'मैनिपुलेट' करने की व्यापक कोशिशें भी चल पड़ी हैं। ऐसी कोशिशें कई बार वैमनस्य और कलह का कारण बनती हैं। इंटरनेट मीडिया के लगातार अभ्यास के साथ उपजती आसक्ति तरह-तरह के व्यसन का रूप लेती जा रही है। कई बार व्यसन के चलते बच्चे और बड़े अपना आपा खो देते हैं और वह सब करने लगते हैं जो अस्वाभाविक और हानिकारक भी हो सकता है। दैनिक व्यवहार में इंटरनेट मीडिया की उपस्थिति और संगति जिस तरह बढ़ रही है, वह खतरे का संकेत दे रही है। लोग घंटों ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप पर लगे रहते हैं और अपने अन्य कार्यों की उपेक्षा करते हैं। तमाम लोग 'लाइक, शेयर, कमेंट और सब्सक्राइब' करते रहने के दबाव में रहते हैं। इंटरनेट मीडिया के प्रकोप से जुड़ी घटनाएं हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं। ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के जरिये फरेब, धोखा, प्रेम, सहायता और परोपकार हर तरह की सत्य-कथाएं आए दिन चर्चा में आती रहती हैं। पबजी सरीखे तमाम वीडियो गेम ऐसे हैं, जो न केवल सामान्य जीवन में व्यवधान पैदा करते हैं, बल्कि प्राणलेवा भी साबित हो रहे हैं। अक्सर ऐसे व्यसन उन परिवारों में अधिक देखने को मिल रहे हैं, जहां अभिभावक बच्चों के साथ पर्याप्त संवाद नहीं रखते। नए संदर्भ में इंटरनेट मीडिया की तीव्र उपस्थिति के सत्य को स्वीकार करते हुए समाज में अभिभावकों के दायित्व की समझ और चेतना फैलाना बड़ा आवश्यक है। चूंकि इंटरनेट मीडिया दोधारी तलवार जैसा है, इसलिए उसका उपयोग संभाल कर होना चाहिए। पुरानी हिदायत है कि किसी भी चीज की अति खतरनाक होती है। ध्यान रहे कि इंटरनेट मीडिया झूठी खबरों और दुष्प्रचार का जरिया भी बन रहा है। हमें इंटरनेट मीडिया के उपयोग की विधाओं और सीमाओं पर गौर करते हुए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसे व्यसन मानकर मनोरोग की श्रेणी में डाल देना तो सांस्कृतिक क्षरण का प्रमाण है। हमें इसके समाधान की ओर ध्यान देना होगा। इसके लिए तात्कालिक आर्थिक फायदों को किनारे रखकर कैसी सामग्री उपलब्ध की जा सकती है, इसके लिए उचित कायदे-कानून बनाने होंगे। फिलहाल तो यही लगता है कि डिजिटल होती दुनिया और भी डिजिटल होगी। बाजार, आफिस और स्कूल हर जगह इसका विस्तार हो रहा है। इसके फायदों और सुभीते को देखते हुए यह भी जरूरी होगा कि डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल के नफे-नुकसान की शिक्षा भी मिले। तभी उसके फायदे मिल सकेंगे। बदल रहे देश-काल में इंटरनेट मीडिया की अनिवार्य भूमिका को देखते हुए उसके सकारात्मक उपयोग की दशाओं और दिशाओं पर सतर्कता के साथ कदम उठाना आवश्यक है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रतीकों का महत्व, शिवलिंग को लेकर कुछ मुल्ला-मौलकी दे चुके हैं अपमानजनक बयान

काशी स्थित ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने की खबर सामने आते ही देश में व्यापक बहस छिड़ गई। इस बहस ने कई बार अप्रिय रूप धारण किया। शिव भारतीय लोकमन के निराले देवता हैं। शिव में जीवन जगत के सभी आयाम हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद में है, जिसके अनुसार 'हम नमस्कारों से रूद्र की उपासना करें।' यजुर्वेद के 16वें अध्याय में उन्हें असीम सर्वव्यापी बताया गया है, 'वह रुद्र शिव हैं। प्रथम प्रवक्ता हैं। नीलकंठ हैं। सभारूप हैं। सभापति हैं। सेना हैं तो सेनापति भी वही हैं। वही वायु प्रवाह, सूर्य, चंद्र और प्रलय में हैं।' सर्वव्यापी शिव की उपासना लिंग प्रतीक रूप में होती रही है। शब्द लिंग का अर्थ प्रतीक है। पूरा भारतीय वांग्मय लिंग का अर्थ प्रतीक बताता है, लेकिन गैर-जानकार और दुराग्रही लोग और खासकर कुछ मुल्ला-मौलवी लिंग को प्रजनन अंग बता रहे हैं। एक कथित इस्लामी उपदेशक ने टीवी बहस में घोर अपमानजनक बयान दिया। उन्होंने शिवलिंग को प्राइवेट पार्ट बताते हुए कहा कि 'हिंदू मूर्तिपूजा और प्रजनन अंग की उपासना के अभ्यस्त हैं।' इंटरनेट मीडिया में भी एक वर्ग द्वारा ऐसी ही घटिया और फूहड़ टिप्पणियां की गईं। इससे भारत का मन आहत हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा में लिंग का अर्थ प्रतीक है। भारत रत्न डा. पांडुरंग वामन काणो ने 'धर्मशास्त्र का इतिहास' में शिवलिंग को शिव प्रतीक बताया है। दार्शनिक हीगल ने 'फिलासफी आफ फाइन आर्ट' में लिखा है, 'प्रतीक एक विशेष प्रकार का चिह्न होता है। इसके प्रति भाव जुड़ता है। तब प्रतीक बनता है।' शिवलिंग प्रतीक में हिंदुओं का गहन आस्तिक भाव है। जुंग प्रतिष्ठित मनोविज्ञानी थे। उन्होंने 'कंटिब्यूशंस टू एनालिटिकल साइकोलजी' में प्रतीक निर्माण को सांस्कृतिक कर्म बताया है। लोकमान्य तिलक ने भी 'गीता रहस्य' में प्रतीक का अर्थ बताया है, 'प्रतीक यानी प्रति-इक। प्रति का अर्थ प्रत्यक्ष-हमारी ओर और इक का अर्थ है-झुका हुआ। प्रतीक हमें प्रिय लगने वाले किसी रूप या आकार का विकल्प है। सौंदर्यशास्त्र के विद्वान कुमार विमल ने लिखा है, 'उपासना के क्षेत्र में उपास्य पर चिह्न, पहचान, अवतार, अंश या प्रतिनिधि के तौर पर आई हुई नाम रूपात्मक वस्तु को प्रतीक कहा जाता है।' शिवलिंग शिव प्रतीक है। प्रतीक मूल रूप या विचार का प्रतिनिधि है। जनतंत्र में सबकी भागीदारी आदर्श मानी जाती है, लेकिन संपूर्ण जन प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं कर सकते। वे प्रतिनिधि चुनते हैं। प्रतिनिधि सभी जनों के प्रतीक हैं। शिव उपासना का क्षेत्र एशिया के



बड़े भाग तक विस्तृत रहा है। शिव का सामान्य अर्थ कल्याण है। देवरूप शिव करोड़ों की आस्था हैं। वह वैदिक काल के पहले से उपास्य हैं। वह प्रत्यक्ष नहीं देखे जा सकते। इसीलिए उनका प्रतीक गढ़ा गया शिवलिंग। लिंग शब्द का प्रयोग सूक्ष्म शरीर के लिए भी हुआ है। शंकराचार्य ने ईशावास्योपनिषद के भाष्य (मंत्र 17) में लिंग का प्रयोग सूक्ष्म शरीर के अर्थ में किया है। यह प्रार्थना मृत्यु के समय की है। शंकराचार्य का भाष्य है,'मेरी प्राणवायु स्थूल शरीर को त्यागकर अमर वायु से मिले। कर्म और ज्ञान से संस्कारित लिंग शरीर बाहर निकले। स्थूल शरीर भस्म हो जाए।' भारतीय ज्ञान परंपरा में कई शरीर माने गए हैं। पहला प्रत्यक्ष स्थूल शरीर है। इसके भीतर पांच ज्ञानेंद्रियों, पांच कर्मेंद्रियों, पांच प्राण, मन और बुद्धि 17 तत्वों से बना लिंग शरीर है। लिंग शरीर पुनर्जन्म में नया स्थूल शरीर पाता है। हिंदू धर्म कोश' मे भी लिंग शब्द का अर्थ प्रतीक अथवा चिह्न बताया गया है। लोक कल्याण को व्यक्त करने के लिए स्वास्तिक चिह्न है। इसी तरह राष्ट्रध्वज राष्ट्रभाव का प्रतीक है। शिव सर्वव्यापी हैं। विराट हैं। ध्यान उपासना में विराट को समेटना कठिन है। प्रतीक के माध्यम से ध्यान और उपासना में सरलता होती है। संपूर्ण अस्तित्व का भी एक प्रत्यक्ष स्थूल शरीर होता है। संसार इस विराट अस्तित्व का प्रत्यक्ष शरीर है। उपासना की गहन अनुभूति में सृष्टि का कण-कण शिव हो जाता है, लेकिन उपासना के लिए विग्रह/प्रतीक की आवश्यकता होती है। पूर्वजों ने लिंग/प्रतीक विग्रह की कल्पना की। लिंग प्रतीक को पत्थर की वेदिका या अरघे पर प्रतिष्ठित करते हैं। प्रतीक को अर्घ्य देते हैं। अर्घ्य का अर्थ श्रद्धापूर्ण स्वागत है। यह उपासना का भाग है। लिंग जनेंद्रिय नहीं है। जनेंद्रिय के लिए संस्कृति मे शिशन् शब्द है। इसकी उपासना निंदित थी, लेकिन अज्ञानता से ग्रस्त लोग यह सब जानने-समझने को तैयार नहीं। मार्शल ने हड़प्पा खोदाई से प्राप्त मूतियों के आधार पर लिखा है कि 'इससे निश्चित रूप से प्रमाणित होता है कि लिंग पूजा का उद्भव भारत में हुआ।' ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद में शिव उपासना के उल्लेख हैं। भारत में वैदिक धर्म और रिलीजन, मजहब के विश्वासी लोगों का सह-अस्तित्व है। यहां प्रत्येक नागरिक को विश्वास और अंतःकरण की स्वतंत्रता है। सब अपने-अपने विश्वास के अनुसार भारतीय रस छंद में आनंदित रह सकते हैं। सबको अपनी आस्था के साथ दूसरों के विश्वास का भी सम्मान करना चाहिए। हिंदू धर्म का विकास वैदिक दर्शन से हुआ। इसमें गलती खोजने वाले प्राचीन दर्शन के तत्व नहीं जानते। दारा शिकोह इस्लाम के अनुयायी थे, लेकिन उन्होंने उपनिषद दर्शन का ज्ञान अर्जित किया। धर्म, पंथ, मजहब और रिलीजन की जानकारी से सभी पक्षों का ज्ञान मिलता है। हिंदू धर्म के अनुयायी को सर्वपंथ समभाव में कठिनाई नहीं होती, लेकिन अन्य विश्वासी अपने मजहब को ही श्रेष्ठ मानते हैं। हिंदू मूर्तिपूजक हैं। इस्लाम में मूर्ति पूजा निषेध है। इस्लाम के अनुयायी मूर्तिध्वंस का विचार हिंदुओं पर जबरदस्ती नहीं थोप सकते। मध्यकाल में हजारों मंदिर ध्वस्त किए गए। आधुनिक भारत इसे स्वीकार नहीं कर सकता। दुर्भाग्य से यहां आस्था के मध्य स्वस्थ संवाद नहीं है। भारतीय मनीषा ने शिव को हरेक रूप में देखा है। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में उन्हें नृत्य का प्रथम रचनाकार बताया है। भारतीय दर्शन में जो सुंदर है, वह शिव है, सत्य है। अथर्ववेद में शिव-शक्ति को अनेकशः नमन है-हमारी ओर आती शिवशक्ति, हमारी ओर से लौटती शिवशक्ति, हमारे निकट उपस्थित शिवशक्ति को सब तरह नमस्कार है। बावजूद इसके कुछ लोग शिवलिंग उपासना पर ओछी टिप्पणी करते हैं। ऐसा करके वे सर्वपंथ समभाव पर आघात तो करते ही हैं, अपनी अज्ञानता का भोंडा प्रदर्शन भी करते हैं।

# मेक इन इंडिया से सुधरेगी रुपये की सेहत, चीन का विकल्प बनकर मैन्यूफैक्चरिंग हब बने भारत

आमतौर पर अगर किसी देश की मुद्रा अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में मजबूत होती है, तो उस देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर माना जाता है। आज अमेरिकी डालर को यह रुतबा हासिल है। अमेरिकी डालर को वैश्विक मुद्रा का दर्जा प्राप्त है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अधिकांश भुगतान अमेरिकी डालर में ही होता है। यही वजह है कि डालर के मुकाबले हमारे देश की मुद्रा रुपये की हैसियत से पता चलता है कि भारतीय मुद्रा मजबूत है या कमजोर। देखा जाए तो साल की शुरुआत से ही रुपया डगमगा रहा है। दस जून को यह 77.85 प्रति डालर के स्तर पर था। अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये में देखी गई यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, आजादी के बाद से हमारा रुपया डालर के मुकाबले लगभग 20 गुना नीचे लुढ़का है। वर्ष 1948 में एक डालर चार रुपये में मिलता था। तब देश पर कोई कर्ज भी नहीं था। वर्ष 1951 में जब पहली पंचवर्षीय योजना लागू हुई तो सरकार ने विदेश से कर्ज लेना शुरू किया। उसके बाद से डालर के मुकाबले रुपये की कीमत भी लगातार कम होने लगी। कालांतर में रुपये की हैसियत में उत्तरोत्तर गिरावट का एक प्रमुख पड़ाव 1991 में भी आया, जब भारत सरकार ने आर्थिक संकट के दौर में रुपये में एकबारगी ही करीब 20 प्रतिशत का अवमूल्यन कर दिया था। उसका उद्देश्य देश से होने वाला निर्यात बढ़ाना था। वास्तव में रुपये की कीमत पूरी तरह इसकी मांग और आपूर्ति पर निर्भर करती है। आयात और निर्यात का भी इस पर सीधा असर होता है। एक देश जो निर्यात से अधिक आयात करता है, उसकी डालर की मांग अधिक होती है। जैसे भारत निर्यात से ज्यादा आयात करता है। भारत कच्चे तेल के बड़े आयातकों में से एक है। यह अपनी जरूरत का लगभग 80 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात करता है। निःसंदेह इन दिनों अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमत रुपये के मूल्य में गिरावट का प्रमुख कारण है। यद्यपि केंद्र सरकार-रिजर्व बैंक ने रुपये की गिरावट को थामने की हरसंभव कोशिश करने का भरोसा दिलाया है, लेकिन अब उन्हें इस दिशा में कुछ ठोस और कड़े कदम उठाने ही होंगे। इस दिशा में सबसे पहले सरकार को आयातित कच्चे




तेल पर अपनी निर्भरता घटानी चाहिए। हालांकि ऐसा तभी संभव होगा जब हम तेल के विकल्पों को अपनाएंगे। इस कड़ी में पेट्रोल, डीजल और गैस आधारित गाड़ियों के बजाय इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। ऐसा करने से विदेशी मुद्रा भंडार का एक बहुत बड़ा हिस्सा हम बचा सकते हैं। रुपये में गिरावट को रोकने और विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार को ऐसे ही कुछ अन्य कदम भी उठाने चाहिए। जैसे कि सरकार को आयात नियंत्रित करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना चाहिए। यह वक्त मेक इन इंडिया कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का है, जो आठ वर्ष के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने प्रभावी योगदान के लक्ष्य से काफी पीछे है। आज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में विनिर्माण (मैन्यूफैक्चरिंग) सेक्टर की हिस्सेदारी महज 13 प्रतिशत है। जबकि चीन की जीडीपी में उसके विनिर्माण सेक्टर की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत है। भारत की तुलना में जीडीपी में विनिर्माण सेक्टर का बड़ा हिस्सा रखने वाले अन्य एशियाई देशों में दक्षिण कोरिया (26 प्रतिशत), जापान (21 प्रतिशत), थाईलैंड (27 प्रतिशत), सिंगापुर और मलेशिया (21 प्रतिशत), इंडोनेशिया और फिलीपींस (19 प्रतिशत) शामिल हैं। हालांकि यह सच है कि केंद्र सरकार आर्थिक विकास को गति प्रदान करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में इसकी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए एक प्रतिस्पर्धी परिवेश बनाने का प्रयास कर रही है। इसका परिणाम भी कुछ क्षेत्रों में दिख रहा है। भारतीय कंपनियों द्वारा कोरोनारोधी टीकों का विकास स्वदेशी प्रतिभा का एक ज्वलंत उदाहरण है। इसके बावजूद भारत अपने विनिर्माण क्षेत्र को पूरी तरह पुनर्जीवित करने में विफल रहा है। जाहिर है यह मेक इन इंडिया अभियान को भी अपेक्षित सहयोग नहीं दे पा रहा है। यही वजह है कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों के बावजूद बेरोजगारी के स्तर ने चार दशकों का रिकार्ड तोड़ दिया है। भारत का मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर आज जिस स्थिति में है उसके लिए सिर्फ कोरोना जिम्मेदार नहीं है। दरअसल हमारा विनिर्माण क्षेत्र कागजी कार्रवाई में उलझा हुआ है। श्रम, भूमि और पर्यावरण मंजूरी से जुड़े नियमों-कानूनों के आगे विवश है। कराधान और सीमा शुल्क की नीतियां इस हद तक पेचीदा हैं कि घरेलू स्तर पर निर्माण के बजाय कई वस्तुओं का आयात सस्ता पड़ता है। इसमें दोराय नहीं कि भारत भविष्य में खुद को अगला 'वैश्विक कारखाना' बना सकता है। कोरोना के बाद यह साफ दिख रहा है कि दुनिया चीन से तंग आ चुकी है। अब एक वैकल्पिक मैन्यूफैक्चरिंग हब की तलाश कर रही है। भारत यह विकल्प बन सकता है। आवश्यकता है बोझिल नियमों से देश के विनिर्माण क्षेत्र को मुक्त किया जाए। निश्चित रूप से ऐसे प्रभावी कदमों के जरिये डालर के मुकाबले रुपये की गिरावट पर लगाम लगाई जा सकती है। इसके साथ ही यदि हम स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना शुरू कर दें तो विदेशी वस्तुओं को आयात करने का खर्च बच जाएगा। भारत को वर्ष 2025 तक पांच लाख करोड़ (टिलियन) डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें कम से कम 2.5 टिलियन डालर मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात करने की आवश्यकता है, क्योंकि अभी कुल जीडीपी में निर्यात का योगदान लगभग 25 प्रतिशत है। कुल मिलाकर भारत के पास रुकने का समय नहीं है। हम एक लंबा सफर तय कर चुके हैं, लेकिन यात्र अभी खत्म नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेनमार्क के साथ मिलकर पराली का समाधान निकालेगी दिल्ली सरकार, किसानों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार डेनमार्क के साथ मिलकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज और पराली से बिजली उत्पादन की संभावनाएं तलाशेगी। डेनमार्क के राजदूत के नेतृत्व में विशेषज्ञों ने सोमवार को मुख्यमंत्री अर□वद केजरीवाल को बारिश के पानी से ग्राउंड वाटर रिचार्ज करने और पराली से बिजली बनाने की तकनीक को विस्तार से बताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार दिल्ली को 24 घंटे नल से साफ जल देने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैहम दिल्ली की जलापूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए नई व्यवस्था को अपनाना चाह रहे हैं। सरकार ग्राउंड वाटर रिचार्ज और उसके निकासी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक समाधान लागू करेगी। उन्होंने कहा कि पानी के लिए हम पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। हम ग्राउंट वाटर को रिचार्ज कर जल स्तर बढ़ाना चाहते हैं, ताकि राजधानी पानी के मामले में आत्मनिर्भर बन सके।भारत में डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वैन ने विशेषज्ञ प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली सचिवालय आकर मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की। उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को डेनमार्क में ग्राउंड वाटर रिचार्ज और पराली से बिजली उत्पादन को लेकर किए गए कार्यों के बारे में बताया। डेनमार्क में की गई पहल बेहतर रही तो दिल्ली में भी उसे अपनाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने यह प्रजेंटेशन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वैन के बीच हाल ही में हुई बैठक के बाद दिया है। पिछली बैठक में केजरीवाल ने पानी, वायु प्रदूषण और बिजली के क्षेत्र में डेनमार्क में हुए पहलों पर वहां के विशेषज्ञों से एक प्रजेंटेशन देने के लिए कहा था।

### बिहार के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के लिए आज का दिन अहम

**पटना।** बिहार के बाहुबली नेताओं में शुमार विधायक अनंत सिंह के लिए आज का दिन बेहद अहम है। अनंत सिंह पटना जिले के मोकामा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक हैं। अनंत सिंह फिलहाल जेल में हैं। उनके खिलाफ आपराधिक मामलों की लंबी फेहरिश्त है। आखिरी बार उन्हें उनके घर से प्रतबिंधित अत्याधुनिक हथियार एके-47 और ग्रेनेड की बरामदगी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आज इस मामले में न्यायालय का फैसला आने की उम्मीद है। तेजस्वी यादव के करीबी विधायक पर बिहार पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। हालांकि विधायक इस मामले में खुद के निर्दोष रहने और फंसाए जाने की बात कहते रहे हैं। मोकामा विधायक अनंत सिंह के पैतृक गांव नदवां स्थित घर से एके-47 और ग्रेनेड बरामदगी मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज त्रिलोकी नाथ दूबे की अदालत 14 जून को फैसला सुनायेगी। सोमवार को कानूनी बिंदुओं पर सुनवाई पूरी हुई थी। अनंत सिंह के खिलाफ यह मामला 2019 में दर्ज किया गया था।

# हमे अपने आपको अप्ग्रेड भी करना है और अप्डेट भी- मोहित बेनीवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** महानगर भाजपा की ज़िला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ 12 बजे दीप प्रज्वलित कर माननीय क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा श्री मोहित बेनीवाल ने किया। बैठक की शुरुआत नोएडा ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की और सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की अधिकारिक शुरुआत किया। उद्घाटन सत्र में श्री मोहित बेनीवाल ने कहा आज जिस तरीक़े से भाजपा देश और प्रदेश में सरकार बना रही है, उसमें सबसे बड़ा योगदान आप कार्यकर्ताओं का रहा है। 2014 हो या 2019 या 2017 या 2022 इस सभी चुनावों में आज भाजपा की सरकार बनी उसकी ताक़त कार्यकर्ता रहे। 2014 से पहले लोग सोचते थे कि सरकार आती हैं चली जाती है पर कुछ नहीं बदलता। 2014 के बाद एक नए युग की शुरुआत रही जिसके बाद भारत ने पीछे मूड कर नहीं देखा। आर्टिकल 370 हो या ऀ सरकार ने कठिन निणर्य देश हित को देखते लिये। भाजपा आज 18 करोड़ से ज़्यादा कार्यकर्ता वाली विश्व जी सबसे बड़ी पार्टी बनी। नॉएडा जो आज प्रदेश की शो विंडो है उसमें भाजपा नॉएडा की टीम ने यहाँ की परिस्थितियों के अनुरूप काम किया है। करोना काल में किए सेवा कार्य हो या वैक्सिनेशन ड्राइव नॉएडा ने सबसे आगे बढ़कर काम किया।आगामी 2024 को देखते हमारी अब तयारी होनी चाहिए और प्रदेश एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों को आम जन तक ले कर जाना चाहिए। हम अपने आपको अप्ग्रेड भी करना है और अप्डेट भी। दूसरा सत्र में गौतमबुद्ध नागर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का रहा, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में बात रखी। केंद्र सरकार ने देश के हर तबके के लिए काम किया। सरकार की ओर से लाए गए तीन तलाक कानून, धारा 370 को हटाना, जीएसटी कानून और नोट बंदी ऐसे ही कानून हैं जो देश के लिए मील के पत्थर साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं इस सरकार की ओर से लाई गई है, जिससे हम यह कह सकते हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार है। समापन सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा विधायक पंकज सिंह ने प्रदेश सरकार की



उपलब्धियों के बारे में जानकारी देता हुए बताया आज सरकार की आवास योजना के तहत 42 लाख 50 हजार आवास गरीबों को मिले हैं। 01.08 लाख आवास मुख्यमंत्री आवास योजना से मिला है। नीति आयोग ने देश के 112 जिलों का चयन एसप्रेशनल डिस्ट्रिक्ट के रूप में किया है। इसमें प्रदेश के आठ जिले हैं। आज कायाकल्प अभियान से 1.38 लाख स्कूलों की तस्वीर बदल गई है। स्मार्ट क्लास, डेस्क बेंच, शौचालय सब सुविधा दी गई है।45 लाख गरीबों को सरकारी आवास दिया गया है। मेरठ में मेजर ध्यानचंत्र के नाम पर प्रदेश का पहला स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाया जा रहा है। एक करोड़ युवाओं को टैबलेट स्मार्टफोन वितरित करने की प्रक्रिया चालू है, कोरोना काल में 119 चीनी मिल चलाई। अब तक एक करोड़ 73 लाख हजार से ज्यादा का गनन मूल्य का भुगतान किया गया। 86 लाख किसानों की कर्जमाफी की। 05 साल में 40158.90 करोड़ का भुगतान किसानों के खाते में किया गया। पूरे प्रदेश में 2.61 करोड़ शौचालय बनाए हैं।उत्तर प्रदेश 1 लाख 56 हजार करोड़ के उत्पाद निर्यात कर रहा है जो ध्3ध्झ् यानी वन डिस्ट्रिक्ट वन प्राइस के माध्यम से हो रहा है और आगे भी सरकार उत्तर प्रदेश को नंबर वन प्रदेश बनने के लिए दोगनी रफ्तार से विकास का रथ चलता रहेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय गोपाल अग्रवाल, गनन विकास अनुसंधान के अध्यक्ष माननीय नवाब सिंह नागर, महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बिमला बाथम, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह, ज़िला प्रभारी बसंत त्यागी, महामंत्री चांदीराम यादव, डिम्पल आनंद, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, गिरजा सिंह, मुकेश शर्मा, महेश अवाना, पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, राकेश शर्मा, जुगराज सिंह चौहान, हरीश चंद्रा भाटी, मंत्री एसपी चमोली, अमरीश त्यागी, प्रमोद बहल, चमन अवाना, रवि यादव, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, कल्लू सिंह, लोकेश कश्यप, गोपाल गौर, बबलू यादव, पंकज झा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, किसान मोर्चा से ओमवीर अवाना, युवा मोर्चा के राम निवास यादव, ग्रामीण विकास मोर्चा के लोकेश यादव, सचिन अंबावत, पूनम सिंह, अमित त्यागी, आदि लोग मौजूद रहे।

# राहुल गांधी के समर्थन मे नोएडा कांग्रेस टीम ने दिल्ली मे शान्तिपूर्ण मार्च निकाला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** महानगर काँग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मुकेश यादव एवं प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में



सैकड़ों काँग्रेस कार्यकर्ता अखिल भारतीय काँग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर शांतिपूर्ण मार्च में शामिल होने के लिए पहुँचे। राहुल गाँधी को ईडी के कार्यालय पर बुलाया गया है। अपने नेता के लिए अन्य प्रदेश एवं जिलो से कार्यकर्ता कार्यालय पहुँच रहे है पीसीसी सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने बताया है कि दिल्ली पुलिस ने काँग्रेस मुख्यालय को छावनी में तब्दील कर दिया है। भाजपा सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस काँग्रेस कार्यकर्ताओ को डरा रही है और जबरन गिरफ्तार करके थाने ले जा रही है लेकिन काँग्रेस का कार्यकर्ता न डरा है न डरेगा मोदी सरकार कितनी पुलिस लगा दें। प्रदेश सदस्य लियाकत चौधरी ने कहा है कि भाजपा की तानाशाही ज्यादा दिन चलने वाली नही है।आये दिन काँग्रेस के नेताओ को डराया जा रहा है विपक्ष की आवाज को भाजपा सरकार कमजोर करना चाहती है। इस शान्ति पूर्ण मार्च मे शामिल होने वालो में प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी,प्रदेश सचिव मुकेश यादव,प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा,प्रदेश सदस्य लियाकत चौधरी,कांग्रेस नेता यतेंद्र शर्मा,सचिव जीतू शर्मा,लोकेश चौधरी,विक्रम चौधरी,राजू पाल,रोहित सिंह,मोनू कुमार सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुये।

# चमकेंगे दिल्ली के ये पांच बाजार, दुकानदार और खरीदारों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पांच बाजारों के पुनर्विकास की घोषणा की है। इसमें मसाले और सूखे मेवे की बिक्री के लिए प्रसिद्ध खारी बावली से लेकर कीर्ति नगर का फर्नीचर बाजार भी शामिल है। इसी तरह परिधानों के लिए लोकप्रिय लाजपत नगर और सरोजनी नगर बाजार के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच लोकप्रिय कमला नगर बाजार को शामिल किया गया है। इससे इन बाजारों के दुकानदारों में विकास की नई उम्मीद जगी है। अन्य बाजार के दुकानदारों को भी यह संभव लगने लगा है कि आने वाले दिनों में उनके बाजारों का भी कायाकल्प होगा। खारी बावली की खासियत है कि यह मुगलकालीन बाजार सूखे मेवे, मसालों और अनाज के लिए प्रसिद्ध है। जड़ी-बुटियां भी यहां मिलती हैं। थोक और फुटकर बिक्री को लेकर यहां दिनभर खरीदारों की गहमागहमी रहती है। पांच हजार से अधिक कारोबारी प्रतिष्ठान वाला यह बाजार ऐतिहासिक पहचान लिए हुए हैं। बताया जाता है कि पहले यहां एक बावली होती थी, जिसका पानी खारा होता था। इसलिए इस बाजार का नाम खारी बावली पड़ा।



थोक बाजार होने के चलते कीमत दूसरे बाजारों के मुकाबले कम रहती है। इसलिए यह खरीदारों के बीच लोकप्रिय है। समस्याएं- टूटे फुटपाथ, गंदगी, सीवर का बहता पानी, लटकते तार, सार्वजनिक शौचालय और पीने के पानी के अभाव के साथ अनगिनत समस्याएं हैं, जिससे निदान मिलने की उम्मीद जगी है। दिल्ली किराना कमेटी के महासचिव ललित कुमार ने कहा कि हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को धन्यवाद देंगे। हम बाजार के विकास के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। जो भी सहयोग चाहेंगे, वह हम करेंगे। सरोजनी नगर बाजार की खासियत- सरोजनी नगर मार्केट में कुल 800 दुकानें हैं। यह बाजार परिधानों के लिए खरीदारों के बीच काफी लोकप्रिय है। नई दिल्ली में होने के चलते यहां दिल्ली के साथ ही एनसीआर के शहरों से हर वर्ग के लोग खरीदारी करने आते हैं। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है।समस्याएं- मार्केट में टाइल्स टूटी हैं, बिजली के तार बेतरतीब लटके हुए हैं। अच्छे सार्वजनिक शौचालय नहीं हैं जिस कारण दुकानदारों व ग्राहकों को परेशानी होती है। लोगों के बैठने के लिए जगह नहीं है। सरोजनी नगर मिनी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अशोक रंधावा ने कहा कि पुनर्विकास के लिए बनाई गई समिति को सर्वे के दौरान हमने पूरी मार्केट दिखाई थी और यहां की समस्याओं को उनके सामने रखा था। हमारी मार्केट को पुनर्विकसित करने के लिए चुना गया इसके लिए हम दिल्ली सरकार और कमेटी के आभारी हैं। इससे ग्राहकों की आवक बढ़ेगी और दुकानदारों को काफी फायदा होगा।कमला नगर- कमला नगर बाजार 72 वर्ष से ज्यादा पुराना बाजार है। इसमें करीब 1300 दुकानें हैं। इनमें छोटी दुकानों से लेकर बड़े-बड़े शोरूम हैं। हालांकि, वर्षो बाद भी बाजार में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर मॉल ऑफ इंडिया में चलाया गया जागरूकता अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप बाल श्रम पर रोक लगाने के उद्देश्य से श्रम विभाग के द्वारा प्रदेश भर में अभियान चलाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम

कार्यक्रम का सफल संचालन एनजीओ की प्रमुख माला भंडारी के द्वारा किया गया। आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई गई और बच्चों को पढ़ाई लिखाई एवं उनके पालन



नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि बाल श्रम पर रोक लगाई जा सके। इसी क्रम में आज जिला अधिकारी के नेतृत्व एवं उप श्रम आयुक्त के निर्देशों के क्रम में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम रोकने लिये श्रम विभाग द्वारा गौतमबुद्धनगर में मॉल ऑफ इंडिया में जागरूकता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन, एनजीओ के सहयोग से कराया गया। इस

पोषण के संबंध में संचालित की जा सभी योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई ताकि सरकार के कार्यक्रमों का लाभ उठाकर सभी बच्चे पढ़ाई की ओर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर एएलसी नोयडा सुभाष यादव एवं संराधन एवं श्रम प्रर्वतन अधिकारी नोयडा डा0 संजय कुमार लाल, पुलिस उप निरीक्षक आनंद कुमार, चाइल्ड लाइन की उननति, ऋषभ उपस्थित रहे।

# महंगाई के खिलाफ माकपा का अभियान जारी- गंगेश्वर दत्त शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी व सांप्रदायिकता के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी नोएडा कमेटी के फैसले अनुसार माकपा नेता नरेंद्र पांडे, मिथिलेश गुप्ता के नेतृत्व में यूसुफपुर चक सबेरी में सीपीआईएम पार्टी ब्रांच सदस्यों ने बैठक किया और कॉलोनी में जनसंपर्क कर पर्चा वितरण किया। इसी तरह माकपा नेता लता सिंह, राम स्वारथ के नेतृत्व में सीपीआईएम बरौला ब्रांच की बैठक हुई और गांव में जनसंपर्क कर पर्चा वितरण किया गया। जिसमें माकपा कार्यकर्ता रेखा चौहान, पिंकी, गुडि़या, सरस्वती, नचिकेता आदि ने हिस्सा लिया।




# कल्प वृक्ष फ़ाउन्डेशन ने सेक्टर 22 मे मीठे जल का वितरण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सेक्टर 22 के एक ब्लाक मे निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर आज सुबह 11 बजे से ठंडे मीठे जल का वितरण कल्प वृक्ष फाउंडेशन द्वारा किया गया। जिसमें सभी एन जी ओ के पदाधिकारियों ने सुबह से इकट्ठा होकर सरबत वितरण करना शुरू किया लगभग 3 बजे तक यह सरबत वितरण कार्यक्रम चला। इस मौके पर संस्था के सुधीर पोरवाल, रमाकांत गर्ग, मुकेश गुप्ता, गोविंद अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अमित अग्रवाल, अनिता निगम, भारती नेगी, पूजा अवाना, गीता, एवम अन्य सदस्य उपस्थित रहे और अपना सहयोग प्रदान किया।



# दिल्ली में आज भी कई रास्तों पर आवाजाही रहेगी बंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को भी कई रास्तों पर आवाजाही बाधित रहेगी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंध में ट्वीट कर आज कई सड़कों पर न जाने की सलाह दी है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, ऐसा विशेष व्यवस्था के चलते किया गया है। ऐसे में कई मार्गों पर आज भी आवाजाही बंद रहेगी। बता दें कि इससे पहले कल यानी सोमवार को भी कई मार्गों पर आवाजाही को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि कृपया सुबह 7 से 12 बजे के बीच मोतीलाल नेहरू मार्ग, अकबर रोड, जनपथ और मान सिंह रोड पर जाने से बचें। विशेष इंतजामों के कारण इन सड़कों पर यातायात आवाजाही नहीं हो सकेगी। इसी कड़ी में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस एक और ट्वीट कर जानकारी दी कि कृपया गोल मेथी जंक्शन, तुगलक रोड जंक्शन, क्लेरिजेस जंक्शन, क्यू-पॉइंट जंक्शन, सुनहरी मस्जिद जंक्शन, मौलाना आज़ाद रोड जंक्शन और मान सिंह रोड जंक्शन से सुबह 7 से 12 बजे के बीच जाने से बचें। ट्रैफिक पुलिस ने आगे यह भी बताया कि विशेष यातायात व्यवस्था लागू किए जाने के कारण आज राजधानी में गोल डाक खाना जंक्शन, पटेल चौक, विंडसर प्लेस, तीन मूर्ति चौक, पृथ्वीराज रोड से आगे बसों की आवाजाही बंद रहेगी। नई दिल्ली में गोल डाक खाना जंक्शन, पटेल चौक, विंडसर प्लेस, तीन मूर्ति चौक, पृथ्वीराज रोड से आगे बसों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि विशेष यातायात व्यवस्था के कारण ऐसा किया गया है।



# लायंस क्लब इंटरनेशनल रीजन कॉन्फ्रेंस प्रयागराज संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** लायंस क्लब इंटरनेशनल मंडल 321ई के प्रयागराज के समस्त रीजन चेयरपर्सन द्वारा मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष लायन चेतन पांड्या की उपस्थिति में कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई त् उद्घाटन पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक लायन डॉ जगदीश गुलाटी जी द्वारा किया गया त् अति-विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष (निर्वाचित) लायन ऀ सौरभ कांत जी उपस्थित रहे त् विशिष्ट अतिथि उपमंडल अध्यक्ष निर्वाचित लायन अजय मल्होत्रा एवं लायन बलवीर बग्गा जी रहे त् कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सतीश टंडन ने किया, स्वागत रीजन चेयरपर्सन देवव्रत आर्य द्वारा किया गया त् कांफ्रेंस के साथ एक संगीत प्रतियोगिता भी हुई जिसका संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन हिमांशु गुप्ता एवं वीरेंद्र जायसवाल द्वारा किया गयात् सभी गायक प्रतिभागियों को रीजन चेयरपर्सन लायन जगमोहन अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया त् धन्यवाद ज्ञापन रीजन चेयरपर्सन लायन पूर्णिमा सिंह ने किया त् कार्यक्रम में विशेष सहयोग जोनचेयर पर्सन क्रमश लायन मुकेश अग्रवाल, डॉ आर के सिंह, रागिनी चंदेल, रीना जायसवाल, संजय गुप्ता, राजन टंडन, अतुल मल्होत्रा, डॉ एस के शुक्ला, प्रीति टंडन, अनुरागिनी सिंह का रहा त् कार्यक्रम में लायन कुंवर बी एम सिंह, अनिल रेखा जायसवाल लाला भैया, प्रमोद बंसल, राजेंद्र गुप्ता, संजीव लोगानी, अमरेंद्र सिंह, डी के केसरवानी, सुधा बहादुर, रेखा जायसवाल, हेमा अग्रवाल, नमिता जायसवाल, शालिनी गुप्ता, कमलेश जायसवाल, डॉ जया विशाल खरे, डॉ उमा जायसवाल, विशाल जायसवाल, ऋषि सेठी, डॉ अर्पण धर दुबे, सुनील गुप्ता, शरद कक्कड़, इरा सेठी, राखी श्रीवास्तव, अजय अवस्थी, वंदना दुबे, मनोज परिमिता खत्री, पंकज रस्तोगी, संजीव तिवारी, अनूप सिंह, हुकुम केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे ।










# शक्ति कपूर ने बेटे सिद्धांत कपूर की पुलिस हिरासत पर तोड़ी चुप्पी बोले- बेंगलुरु गया तो था लेकिन

**नई दिल्ली।** एक्टर शक्ति कपूर के बेटे सिद्धांत कपूर को बेंगलुरु पुलिस ने ड्रग्स लेने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार शाम एक रेव पार्टी में पुलिस ने छापा मार कर 6 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें कथित तौर पर श्रद्धा कपूर के भाई सिद्धांत कपूर का नाम भी शामिल है। बेटे पर लगे इन आरोपों पर अब शक्ति कपूर का भी रिएक्शन आया है। इस मामले में शक्ति कपूर ने अब इंडिया टुडे से बातचीत में कहा-'मैं केवल एक ही बात कह सकता हूं - यह बिल्कुल संभव नहीं है'। उन्होंने आगे कहा- मैं जब सुबह 9 बजे उठा, तो ऐसी खबरें आ रही थी कि उन्हें हिरासत में लिया गया है। मुझे कोई आइडिया नहीं है। पूरी फैमिली कॉन्टैक्ट करने की कोशिश कर रही है, लेकिन




कोई कॉट पिक नहीं कर रहा, मुझे समझ नहीं आ रहा कि चल क्या रहा।' तो वहीं ई-टाइम्स से बातचीत करते वक्त शक्ति कपूर ने बेटे के ड्रग्स लेने की बात से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, 'मैं मुंबई में हूं और मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है। मुझे न्यूज चैनलों से ही पता चला। अब तक मुझे केवल इतना पता है कि कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और सिद्धांत को केवल हिरासत में लिया गया है।हालांकि जब शक्ति कपूर से पूछा गया कि क्या सिद्धांत कपूर बेंगलुरु गए थे तब एक्टर ने कहा, 'हां, वह एक डीजे है और वह पार्टियों में अपने काम के लिए जाता रहता है, और इसी के लिए वह बेंगलुरु में था। मुझे नहीं पता कि ये सारी खबरें कहां से आ रही हैं। मैं बहुत जल्द अपने बेटे से बात करूंगा। मुझे पता बस इतना पता है कि यह सच नहीं हो सकता।'

# वरुण धवन की इस एक्टिविटी ने जीता फैंस का दिल..........

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन अक्सर अपनी एक्टिविटी से फैंस का दिल जीतने का कोई मौका नहीं छोड़ते। इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो पर शेयर किया है। अभिनेता का ये वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद से ही वायरल हो रहा है और फैंस वीडियो में कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए वरुण धवन की जमकर तारीफ कर रहे हैं और अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म की घोषणा कर रिलीज डेट का भी एलान किया था। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही राज मेहता



रहा है, जिसमें अभिनेता अपने एक फैंस को दुलार करते हुए दिख रहे हैं। इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही इस वीडियो में अभिनेता शारीरिक रूप कमजोर फैन से मिल रहे हैं, अपने सुपरस्टार से मिलने के बाद फैन बेहद खुश नजर आ रहा है। साथ ही उत्साहित होते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा है। वीडियो के अंत में फैन अभिनेता को किस करता हुआ भी दिख रहा है, जिसके बाद वरुण धवन वहां से चले जाते हैं। जुग जुग जियो स्टार की इस वीडियो को पैपराजी फोटोग्राफर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल उन्हें डाउन-टू-अर्थ व्यक्ति बता रहे हैं। आपको बता दें, वरुण धवन हाल ही में अपनी आगामी फिल्म बवाल के इंटरनेशनल शेड्यूल की शूटिंग कर मुंबई लौटे हैं। उन्होंने इस शेड्यूल में फ्रांस, जर्मनी सहित यूरोप के चार देशों में जान्हवी कपूर के साथ फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से को फिल्माया है। जिसकी कई तस्वीरें जान्हवी कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का पहला शेड्यूल यूपी के लखनऊ में शूट किया गया था। ये फिल्म 7 के निर्देशन में बनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म में कियारा आडवाणी के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वरुण धवन और कियारा आडवाणी के अलावा अनिल कपूर और नीतू कपूर अभिनेता के माता-पिता की भूमिका में दिखाई देंगी। वरुण और कियारा अभिनीत ये फिल्म 24 जून, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा अभिनेता अमर कौशिक की फिल्म भेडिया में एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ नजर आने वाले हैं। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से को अरुणाचल प्रदेश में फिल्माया गया है।

# फिल्म की कमाई में दूसरे दिन आया उछाल, आंकड़ें कमजोर लेकिन कलेक्शन हुआ डबल

**नई दिल्ली।** नुसरत भरूचा की फिल्म 'जनहित में जारी' की कमाई में दूसरे दिन कुछ उछाल देखने को मिला। फिल्म टिकट काउंटर पर अभी भी आंकड़ों के मामले में कहीं पीछे है, लेकिन दूसरे दिन सीधा डबल कलेक्शन किया। 542 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई ये फिल्म कॉमेडी की आंड़ में गंभीर मुद्दे को




उठाती है। फिल्म में नुसरत कॉन्डोम सेल्स गर्ल के किरदार में हैं। जो अपने आप में ही भारत जैसे देश में एक विवादित मुद्दा है। 10 मई को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धीमी शुरूआत करते हुए 43 लाख रूपये के साथ ओपनिंग की। वहीं, दूसरे दिन फिल्म ने रफ्तार पकड़ते हुए 82 लाख का कलेक्शन किया। यानी के दूसरे कलेक्शन सीधा दोगुना हो गया है। इसके साथ ही रविवार को फिल्म से उम्मीदें बढ़ गई हैं। अगर फिल्म ऐसे ही कमाई के मामले में आगे बढ़ती रही तो ये आने वाले समय कई बड़ी फिल्मों को टक्कर भी दे सकती है। फिल्म के नेट कलेक्शन की बात करें भारत में 'जनहित में जारी' ने अब तक 1.25 करोड़ कमाए हैं। 'जनहित में जारी' के मेकर्स ने लोगों को अकर्षित करने के लिए फिल्म के टिकट के दाम काफी कम रखे। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को बुलाने के लिए उन्होंने पहले दिन के लिए थिएटर्स में टिकट के दाम सिर्फ 100 रूपये कर दिए थे। हालांकि, इससे ज्यादा फर्क पड़ता तो नहीं दिखा। नुसरत भरूचा के लीड रोल वाली फिल्म 'जनहित में जारी' को जय बसंतू सिंह ने निर्देशित किया था। वहीं, राज शांडिल्य ने इसे लिखा था, जो पहले भी नुसरत के साथ ड्रीम गर्ल में काम कर चुके हैं। फिल्म में नुसरत के साथ अनुद सिंह ढाका, विजय राज, टीनू आनंद और परितोष त्रिपाठी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# खून से रंग जाएंगे विक्रांत मैसी के हाथ दिनेश विजन की क्राइम थ्रिलर में दीपक डोबरियाल संग नजर आएगी जोड़ी


**नई दिल्ली।** टीवी से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाले विक्रांत मैसी ने अपने शानदार




अभिनय के दम पर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बना चुके हैं। विक्रांत का फिल्म में किरदार छोटा हो या बड़ा उनके फैंस उन्हें बड़े परदे पर देखना खूब पसंद करते। विक्रांत मैसी अब जल्द ही कंटेंट ड्रिवन फिल्मों के लिए मशहूर दिनेश विजन की अगली फिल्म 'सेक्टर 36' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के टाइटल की घोषणा फिल्म के टीजर के साथ की गई। जो काफी पावरफुल है। बदलापुर के मेकर्स अब एक बार फिर से अपने दर्शकों को अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'सेक्टर 36' से थ्रिल करने के लिए बिलकुल तैयार है। 38 सेकंड का यह टीजर बहुत ही जबरदस्त है। इस टीजर की शुरुआत होती है लापता के पोस्टर्स के साथ, जहां बैकग्राउंड में डायलॉग है और एक कॉक्रोच दीवार पर चलता हुआ दिखाई देता है। जहां बैक ग्राउंड डायलॉग में ये बोला गया कि कॉक्रोच जितना भी पावरफुल हो जूते के आगे हमेशा छोटा ही है। सेक्टर 36 सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है और इस क्राइम थ्रिलर के पहले टीजर के साथ ही लोग विक्रांत मैसी के इस नए लुक को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपनी आगामी फिल्म के टीजर को विक्रांत मैसी ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए विक्रांत ने कैप्शन में लिखा, 'दिनेश विजन लेकर आ रहे हैं 'सेक्टर 36', एक क्राइम थ्रिलर जो सच्ची घटना पर आधारित है। दीपक डोबरियाल आप किंग हो और बहुत ही शानदार हो। क्राइम थ्रिलर इस फिल्म को दिनेश विजन जहां प्रोड्यूस कर रहे हैं तो वही इसके निर्देशन की कमान आदित्य निम्बालकर कर रहे हैं, जो इससे पहले तलवार की कहानी लिख चुके हैं और साथ ही हैदर में सेकंड यूनिट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। फिल्म की कहानी बोधी रॉय ने लिखी है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। हालांकि इस फिल्म में किसका कौन सा किरदार किस तरह का होगा इस पर से अभी तक पर्दा नहीं उठा है।

# हमेशा साड़ी में लिपटी 'कालीन भैया' की दूसरी पत्नी रियल लाइफ में हैं बेहद बोल्ड........


**नई दिल्ली।** 'मिर्जापुर 3' का ऐलान हो चुका है, पहले गुड्डू भैया ने तीसरे सीजन से अपना लुक शेयर किया था। अब कालीन भैया की दूसरी पतने बीना त्रिपाठी यानी रसिका दुग्गल ने बताया है कि शूटिंग शुरू होने की तैयारी जोरों पर है।



रसिका, मिर्जापुर में कालीन भैया की नई पत्नी और मुनन भैया की नई मां का किरदार निभा रही हैं। वैसे तो रसिका दोनों ही सीजन में काफी हॉट सीन दे कर सनसनी मचा चुकी हैं, पर शो में हमेशा साड़ी में लिपटी नजर आने वाली रसिका रियल लाइफ में काफी बोल्ड हैं। मिर्जापुर की बीना त्रिपाठी यानी रसिका दुग्गल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उनका इंस्टाग्राम अकाउंट काफी हॉट तस्वीरों से भरा पड़ा है। रसिका ने मिर्जापुर के दोनों सीजन में अपनी अदाओं का ऐसा जादू चलाया कि लोग उन्हें ओटीटी क्वीन भी करते हैं। अब तक के अपने करियर में रसिका ने कई वेब सीरीज में काम किया जिससे वो लोगों का दिल जीतने में कामयाब हो गई। उनके बारे में कहा जाता है कि वो इस इंडस्ट्री में पिछले 15 सालों से काम कर रही हैं लेकिन उन्हें पहचान मिर्जापुर में बीना त्रिपाठी का किरदार निभा कर ही मिली।

# जुग जुग जियो का 'दुपट्टा' सॉन्ग इस चीज के लिए हुआ ट्रोल, लोगों ने करण जौहर को जमकर सुनाई खरी- खोटी


**नई दिल्ली।** वरूण धवन और कियारा आडवाणी की फिल्म जुग जुग जियो का तीसरा गाना दुपट्टा

हाल ही में रिलीज किया गया है। जो कि एक ग्रूविंग पार्टी पेपी ट्रैक है। फिल्म के बाकी के गानों की तरह ही ये भी एक रिक्रिएटेड गाना है। गाने में फिल्म के सभी एक्टर ने पूरी जान डालने की कोशिश की है, लेकिन दुपट्टा सॉन्ग में एक भी जगह दुपट्टे का इस्तेमाल नहीं किया गया है। जिसे लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने गाने की जमकर ट्रोलिंग कर दी और करण जौहर को खूब खरी- खोटी सुनाई। फिल्म जुग जुग जियो, करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। ऐसे में करण ने गाने की रिलीज पर इसे ट्विटर पर शेयर किया था। जहां यूजर ने करण को गाने के लिए ट्रोल कर दिया और यह तक कह दिया कि क्या इस फिल्म में कुछ भी ओरिजनल है। करण के पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा, अरे गाने में दुपट्टा तो डाल देते। एक अन्य यूजर ने कहा, इस गाने में सिंबोलिक दुपट्टा तक नहीं है दुपट्टा से पहले जुगजुग जियो के दो और गाने 'नाच पंजाबन' और रंगीसारी रिलीज किया गया था। 'नाच पंजाबन' को लेकर प्रेजरिज्म की कुछ कॉन्ट्रोवर्सी भी देखने को मिली थी। 'जुग जुग जियो' में कियारा आडवाणी और वरूण धवन के अलावा नीतू कपूर, अनिल कपूर, मनीष पॉल, प्राजक्ता कोली और वरूण सूद भी शामिल है फिल्म 'जुगजुग जियो' का प्रोडक्शन करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शंस और वायकॉम 18 के बैनर तले किया गया है। वहीं फिल्म का निर्देशन राज मेहता ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन और किराया आडवाणी मुख्य भूमिका में है। फैमिली ड्रामा और इमोशन से भरपूर ये फिल्म फिल्म 24 जून 2022 को रिलीज होगी।

# फरहान अक्तर की साली की इनरवियर में तस्वीरें हुई लीक

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर फरहान अख्तर हाल ही में शादी के बंधन में बंधे हैं। उनकी वेडिंग फोटोज में जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा थी वो हैं उनकी साली अनुषा दांडेकर। ये पेशे से एक्ट्रेस और वीडियो जॉकी हैं, पर सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगाती रहती हैं। अनुषा ने वैसे तो एक्टिंग की दुनिया में कुछ खास कमाल नहीं किया है, पर वो अकसर ही बोल्डनेस की हदें पार करती रहती हैं। हाल ही में अनुषा की कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिसे देख फैंस भी दांतों तले उंगली दबा रहे है अनुषा दांडेकर की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस भी चाहने वालों का दिल



नहीं तोड़तीं और अपनी सिजलिंग तस्वीरों से उन्हें फ्रेशनेस का एहसास दिलाती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर अनुषा दांडेकर ने ऑफ व्हाइट कलर के टू-पीस में फोटोशूट कराया है। जिसके साथ उन्होंने पिंक श्रग भी कैरी किया है। एक टेबल पर बैठी अनुषा पिंक कलर के ही लैंड लाइन फोन से बातें कर रही हैं। चौथी तस्वीर में एक्ट्रेस का डस्की लुक और स्माइल आपको भी दीवाना बना देगी। न्यूड मेकअप और खुले बालों में तो वो कयामत ही लग रही है। 40 की उम्र में भी अनुषा अपनी अदाओं से कहर ढा रही हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'मैं लैंड लाइन पर बात करना मिस करती हूं' फैंस इन तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कोई कमेंट बॉक्स में फायर इमोजी पोस्ट कर रहा है तो कोई हार्ट। बता दें कि अनुषा सबसे ज्यादा खबरों में उस समय आईं जब उन्होंने एक्टर करण कुंद्रा के साथ अपने रिलेशनशिप का ऐलान किया था। लंबे वक्त तक डेटिंग के बाद दोनों का ब्रेकअप भी काफी चर्चा में रहा। इसके साथ ही फरहान अख्तर की शादी में भी सबकी नजर अपनी साली अनुषा पर ही। बहन की शादी में अनुषा सिंपल सी काफी साड़ी में भी कहर ढा रही थीं।

# खतरो के खिलाडि 12 की अभिनेत्रियों ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा


**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित रिएटली शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर फैंस के बीच हमेशा क्रेज देखने को मिलता है। इस बार भी हाल कुछ ऐसा ही है। खतरों के खिलाड़ी के सीजन 12 को ऑन एयर होने में अभी टाइम है, लेकिन शो की शूटिंग जोरों पर है। जिसके लिए सभी कंटेस्टेंट साउथ अफ्रीका के केप टाउन गए हुए है।



जहां वे खतरनाक टास्क करने के साथ ही साथ जमकर मस्ती भी कर रहे हैं। इस बीच कुछ एक्ट्रेसेस बिकिनी पहन बीच साइड एंजॉय करते हुए भी दिखीं। बीच से एक्ट्रेस चेतना पांडे ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं। जिनमें वे अपनी गर्ल गैंग के साथ समुंद्र किनारें मस्ती करती हुई नजर आ रही है। इस फोटोज में उनके साथ कनिका मान और एरिका पैकर्ड शामिल हैं। कुछ फोटोज के साथ एक्ट्रेस ने एक स्लो मोशन वीडियो भी शेयर किया है। वहीं, कुश उनकी सोलो फोटोज भी हैं फोटोज में चेतना पांडे प्रिंटेड डीप नेक मोनोकनी पहन कहर बरपा रही हैं। जबकि एरिका पैकर्ड व्हाइट स्ट्रैप्लेस बिकिनी में जलवा बिखेरते हुए देखीं। वहीं, कनिका मान ऑरेंज बिकिनी में सिजलिंग लग रही हैं। यहां देखें तस्वीरें इनके अलावा चेतना ने एक वीडियो भी शेयर किया है। जिसमें वे शो के बाकी कंटेस्टेंट से भी मिलवाते हुए दिख रही हैं। वीडियो में उनके अलावा फैजल शेख और इस बार के बिग बॉस फाइनलिस्ट प्रतीक सहजपाल भी दिख रहे है। फैजल बीच पर घूमते दिखे तो वहीं, प्रतीक अपनी बॉडी मेंटेन करते नजर आए। इनके अलावा ही शो के कुछ और चेहरे भी वीडियो में दिखें बता दें कि खतरो के खिलाड़ी सीजन 12 में चेतना पांडे, कनिका मान, एरिका पैकर्ड, फैजल शेख और प्रतीक सहजपाल के अलावा बिग बॉस विनर रुबीना दिलैक, श्रीति झा, राजीव अदातिया, शिवांगी जोशी, तुषार कालिया, जनन्त ज़ुबैर रहमानी, निशात भट्ट, मोहित मलिक और अनेरी वाजानी जैसे कई अन्य सितारें भी शामिल हैं।

# पैरालिसिस पर ट्वीट कर ट्रोल हुए मुनव्वर फारूकी, गुस्साए लोग बोले- जाहिल हो क्या जो बीमारी का मजाक उड़ा रहे


**नई दिल्ली।** लॉक अप का पहला सीजन जीतने के बाद से ही मुनव्वर फारूकी के कदम जमीन पर नहीं पड़ रहे। कभी गर्लफ्रेंड के साथ घूमते तो कभी खतरों के खिलाड़ी 12 में पार्ट लेने को लेकर मुनव्वर सुखिर्यों में छाए ही रहते हैं। लगभग हर मुद्दे पर अपनी राय रखने वाले ये स्टैंडअप कॉमेडियन ने हाल ही में जस्टिन बीबर की बीमारी को

लेकर ट्वीट किया। कोशिश तो थी मुनव्वर की कि वो मौजूदा सरकार पर हमला बोलें। पर उनका दांव उल्टा पड़ गया और लोगों ने उन्हें ही आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया। मुनव्वर के ट्वीट में लिखा था, 'प्रिय जस्टिन बीबर, मैं पूरी तरह से समझ सकता हूं। यहां तक कि भारत में भी राइट साइड ठीक से काम नहीं कर रहा है।' इस ट्वीट को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर भी शेयर किया।कॉमेडियन के कुछ फैंस ने जहां इसे 'डार्क कॉमेडी' कहा, तो वहीं कई यूजर्स उनके इस तरह से किसी की बीमारी का मजाक उड़ाने से खुश नहीं हैं। एक यूजर ने ट्वीट में लिखा है, 'किसी की बीमारी के बारे में मजाक बनाना सिर्फ यह दर्शाता है कि आप कितने जाहिल हैं... यह आपको मजाकिया नहीं बनाता।'एक अन्य यूजर ने लिखा, 'मैं आपका फैन हूं, इसलिए कह रहा हूं कि किसी और की बीमारी के नाम पर कॉमेडी मत करें। किसी और का दुख आपकी खुशी नहीं बन सकता। यह वास्तव में हंसने लायक बात नहीं है, कुछ अच्छा कंटेंट सोचें। ये कंटेंट नहीं कचरा है। दरअसल, जस्टिन बीबर ने कुछ समय पहले ही सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके बताया कि उन्हें रामसे हंट सिंड्रोम नाम की बीमारी हो गई है। इसकी वजह से उनके आधे चेहरे पर पैरालिसिस हो गया है। इसके चलते वो ना तो स्माइल कर सकते हैं और ना ही पलकें झपका सकते हैं।

# श्रद्धा कपूर के भाई पर लगा ड्रग्स लेने का आरोप, बेंगलुरु पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के भाई को बेंगलुरु में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनपर पार्टी में ड्रग्स लेने का आरोप है। रिपोट्स के मुताबिक सिद्धांत कपूर को कल रात बेंगलुरु के एक होटल में एक रेव पार्टी में पुलिस छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। राजपूत की मौत के बाद सामने आने ड्रग्स केस में भी श्रद्धा कपूर से पूछताछ हुई थी। श्रद्धा से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की कथित तौर पर ड्रग्स रखने को लेकर मौत के मामले में पूछताछ की थी। हालांकि, कुछ भी ठोस सबूत नहीं मिला। श्रद्धा कपूर, सारा अली



वह कथित तौर पर ड्रग्स का सेवन करने वाले 6 लोगों में शामिल हैं। ई-टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एमजी रोड पर एक होटल पर छापा मारा जहां एक पार्टी का आयोजन किया गया था। पुलिस ने नशीली दवाओं के सेवन के संदेह में 35 लोगों के नमूने भेजे। सिद्धांत कपूर का नमूना उन छह में से था जो पॉजिटिव आए थे। पुलिस ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने ड्रग्स का सेवन किया और पार्टी में आए या होटल में उसका सेवन किया हिन्दी फिल्म स्टार शक्ति कपूर के बेटे, सिद्धांत कपूर भी एक एक्टर हैं। उन्होंने साल 2020 में वेब सीरीज भौकाल में चिंटू डेढ़ा का रोल प्ले किया था। उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया, जैसे 'शूटआउट एट वडाला', 'अग्ली,' हसीना पारकर ', 'चेहरे' आदि। उन्होंने 'भागम भाग', 'चुप चुप के' जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में भी काम किया। बता दें कि एक्टर सुशांत सिंह खान और दीपिका पादुकोण से सितंबर 2020 में व्हाट्सएप चैट के आधार पर जांच की गई थी

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।